# दैनिक बुद्ध का संदेश

हिन्दी समाचार पत्र

एक विश्वास...

लखनऊ, कानपुर, कन्नौज, बरेली, सीतापुर, सोनभद्र, गोण्डा, बाराबंकी, बलरामपुर, श्रावस्ती, बहराइच, अम्बेडकरनगर, फैजाबाद, बस्ती, संतकबीरनगर, गोरखपुर, कुशीनगर, देवरिया, महराजगंज, रामपुर, रायबरेली, में एक साथ प्रसारित।

सम्पादक : राजेश शर्मा

बलरामपुर

सोमवार, 08 जून 2026

वर्ष: 05 अंक : 247 पृष्ठ: 8

आमंत्रण मूल्य 2/–रूपया

9415163471, 9453824459 Dainik Budh ka sandesh @budhakasandesh budhakasandeshnews@gmail.com www.budhakasandesh.com


मराठी मेरी पहचान है, लेकिन नई ...8

## तालिब चौधरी की गिरफ्तारी पर बोलीं महबूबा – यह सरासर अन्याय है



श्रीनगर। पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी (पीडीपी) की अध्यक्ष महबूबा मुफ्ती ने रविवार को अपने पार्टी नेता और आदिवासी अधिकार कार्यकर्ता तालिब चौधरी की रिहाई की मांग करते हुए कहा कि उनकी गिरफ्तारी गुर्जर–बकरवाल समुदाय को एक ''बेहद नकारात्मक संदेश'' देती है। महबूबा ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, ''यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि पीडीपी नेता और प्रमुख सामाजिक कार्यकर्ता तालिब चौधरी को हाशिए पर पड़े आदिवासी समुदाय के अधिकारों के लिए लड़ने के कारण जेल भेज दिया गया है।'' चौधरी को जम्मू के सिधरा इलाके में अतिक्रमण रोधी अभियान के दौरान कानून प्रवर्तन एजेंसियों के साथ झड़प के बाद एक जून को गिरफ्तार किया गया था। पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा, ''सिधरा में मनमानी तोड़फोड़ की कार्रवाई के खिलाफ शांतिपूर्ण मार्च निकालने मात्र से उनके (चौधरी) साथ अपराधी जैसा व्यवहार करना, भारत के साथ हमेशा खड़े रहने वाले गुर्जर–बकरवाल समुदाय को एक 'बेहद नकारात्मक संदेश' देता है।''

## आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत पहुंचे बिहार, डिप्टी मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने किया स्वागत

पटना। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के सरसंघचालक मोहन भागवत रविवार को बिहार के तीन दिवसीय दौरे पर पटना पहुंचे। सूत्रों के अनुसार, भागवत पटना के जयप्रकाश नारायण अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर पहुंचे और वह मुंगेर रवाना होंगे, जहां वह तीन दिन यानी नौ जून तक ठहरेंगे। बिहार के मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने जयप्रकाश नारायण अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर भागवत का स्वागत किया। भागवत के मुंगेर दौरे को देखते हुए कड़े सुरक्षा प्रबंध किए गए हैं। आरएसएस सूत्रों के मुताबिक, भागवत का यह तीन दिवसीय दौरा संगठनात्मक दृष्टि से महत्वपूर्ण माना जा रहा है। सूत्रों ने कहा, ''मुंगेर प्रवास के दौरान वह स्वयंसेवकों का मार्गदर्शन करेंगे, 'संघ शिक्षा वर्ग' में भाग लेंगे तथा विभिन्न प्रशिक्षण सत्रों में शामिल होंगे। यह कार्यक्रम मुंगेर के पुरानीगंज स्थित सरस्वती विद्या मंदिर परिसर में आयोजित होगा।'' उन्होंने बताया कि कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच आरएसएस प्रमुख के आगमन को लेकर स्थानीय स्वयंसेवकों में काफी उत्साह है। सूत्रों के अनुसारद्द, फिलहाल मुंगेर में जारी तीन प्रशिक्षण सत्रों में लगभग 700 स्वयंसेवक भाग ले रहे हैं।

# यूएन अवॉर्ड से मेजर अभिलाषा बराक ने बढ़ाया देश का मान

## प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बोले– ये नारी शक्ति की प्रेरणा हैं

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मेजर अभिलाषा बराक को श्संयुक्त राष्ट्र मिलिट्री जेंडर एडवोकेट ऑफ द ईयर अवॉर्डश मिलने पर ढेरों बधाई दी हैं। प्रधानमंत्री ने देश और मानवता के लिए उनकी श्उत्कृष्ट सेवाश की जमकर सराहना की। उन्होंने कहा कि मेजर बराक की यह ऐतिहासिक उपलब्धि भारतीय युवाओं और खासकर उन लड़कियों के लिए एक बड़ी प्रेरणा है, जो समाज और देश की सेवा करना चाहती हैं। आपको बता दें कि मेजर बराक भारत की पहली महिला कॉम्बैट हेलीकॉप्टर पायलट हैं और वह यह प्रतिष्ठित अवॉर्ड पाने वाली देश की तीसरी महिला अधिकारी बन गई हैं।

पीएम मोदी ने एक्स पर क्या लिखा?: पीएम मोदी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर अपनी पोस्ट में लिखा, मेजर अभिलाषा बराक को संयुक्त राष्ट्र मिलिट्री जेंडर एडवोकेट ऑफ द ईयर अवॉर्ड्स मिलने पर बहुत–बहुत बधाई। मेजर बराक लेबनान में संयुक्त राष्ट्र अंतरिम बल के तहत एंगेजमेंट टीम कमांडर और जेंडर फोकल प्वाइंट के रूप में अपनी सेवाएं दे रही हैं। यह सम्मान उनकी बेहतरीन ड्यूटी को दर्शाता है और साथ ही यूएन शांति मिशन में भारत के लंबे और मजबूत योगदान को भी दिखाता है। उनकी यह कामयाबी हमारी उन बेटियों के लिए प्रेरणा है जो देश की सेवा का सपना देखती हैं।ष



यूएन चीफ बोले– मेजर बराक एक रोल मॉडल हैं

संयुक्त राष्ट्र के महासचिव एंटोनियो गुटेरेस ने पुरस्कार देते हुए मेजर बराक की तारीफ में कहा कि वह उन सभी लोगों के लिए एक आदर्श हैं जिनकी वह सेवा करती हैं और जिनके साथ काम करती हैं। इस बड़े सम्मान को हासिल करने के बाद लेबनान में तैनात मेजर बराक ने एक बेहद खूबसूरत बात कही। उन्होंने कहा, ष्सपनों का कोई जेंडर नहीं होता और न ही लीडरशिप, साहस या मानवता की सेवा करने की इच्छाशक्ति का कोई जेंडर होता है।ष उन्होंने आगे कहा कि यह पुरस्कार इस बात की याद दिलाता है कि दुनिया में स्थायी शांति तभी आ सकती है जब हर किसी की आवाज सुनी जाए और सबको आगे बढ़ने के बराबर मौके मिलें। आपको बता दें कि लेबनान इस समय संयुक्त राष्ट्र का सबसे खतरनाक शांति–स्थापना वाला इलाका माना जाता है।

## एस. जयशंकर ने इंडोनेशियाई विदेश मंत्री सुगियोनो से की वार्ता

नई दिल्ली। विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने रविवार को अपने इंडोनेशियाई समकक्ष सुगियोनो की मेजबानी करते हुए भारत और इंडोनेशिया के बीच रक्षा, समुद्री व्यापार, निवेश, दवा उद्योग और खाद्य सुरक्षा जैसे क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने के तरीकों पर चर्चा की। दक्षिण–पूर्व एशिया क्षेत्र में इंडोनेशिया भारत का एक महत्वपूर्ण साझेदार है और हाल के वर्षों में दोनों देशों के बीच व्यापार तथा निवेश समेत समग्र संबंधों में लगातार वृद्धि हुई है। सुगियोनो इस समय नयी दिल्ली की तीन दिवसीय यात्रा पर हैं।

# मणिपुर के राहत शिविरों में सिसकती जिंदगी

## आरटीआई से खुलासा– एक साल में 700 से ज्यादा मौतें

मणिपुर में मई 2023 में भड़की जातीय हिंसा का एक बेहद दर्दनाक चेहरा सामने आया है। राज्य के गृह विभाग द्वारा सूचना का अधिकार के तहत दी गई एक रिपोर्ट से पता चला है कि तब से लेकर अब तक राहत शिविरों और अस्थाई घरों में शरण लिए हुए 700 से अधिक लोगों की मौत हो चुकी है। यह जानकारी मणिपुर सूचना आयोग के निर्देश के बाद शुक्रवार को



आरटीआई कार्यकर्ता और राजनीतिक विश्लेषक हरेश्वर गोस्वामी को सौंपी गई है। सरकारी आंकड़ों के मुताबिक, राज्य के नौ जिलों के राहत शिविरों में कम से कम 731 विस्थापित लोगों की जान जा चुकी है। मौतों के मामले में चूराचांदपुर जिला सबसे आगे रहा, जहां 248 लोगों की मौत हुई। इसके बाद बिष्णुपुर में 151, कांगपोकपी में 128, इंफाल वेस्ट में 94, काकचिंग में 60 और इंफाल ईस्ट में 25 मौतें दर्ज की गईं। वहीं, जिरीबाम में 13, थौबल में 11 और तेंगनौपाल में एक व्यक्ति की जान गई। कांगपोकपी जिले में सबसे खराब हालातः मणिपुर में संघर्ष शुरू होने के तीन साल बाद भी हालात पूरी तरह सामान्य नहीं हो पाए हैं। आरटीआई से खुलासा हुआ है कि राज्य भर में 43,000 से अधिक लोग आज भी राहत शिविरों और प्री–फैब्रिकेटेड घरों में रहने को मजबूर हैं।

### प्रशासन की तरफ से दी जा रही है मदद

राहत शिविरों में रह रहे परिवारों को अपने घर से दूर होने के दर्द के साथ–साथ गंभीर स्वास्थ्य चुनौतियों से भी जूझना पड़ रहा है। आंकड़ों के अनुसार, इंफाल ईस्ट जिले के शिविरों में 217 लोग गंभीर या लाइलाज बीमारियों से पीड़ित हैं। इसी तरह इंफाल वेस्ट में 41 और बिष्णुपुर में 26 मरीज ऐसी ही असाध्य बीमारियों से लड़ रहे हैं। जिला प्रशासनों ने बताया कि बीमार लोगों को मेडिकल ट्रीटमेंट, मानसिक काउंसलिंग, दवाइयां, व्हीलचेयर और सर्जरी के लिए आर्थिक मदद जैसी जरूरी सुविधाएं दी जा रही हैं।

# संसदीय समिति ने एनटीए से पूछी 'पेपर लीक' की परिभाषा

## ओएसएम पर सीबीएसई से मांगा जवाब

नई दिल्ली। संसद की एक समिति ने राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) से यह स्पष्ट करने को कहा है कि उसकी परिभाषा में 'पेपर लीक' किसे माना जाएगा। समिति ने यह भी पूछा है कि वर्ष 2018 से अब तक आयोजित नीट परीक्षा के मुद्दों पर लिखित उत्तर मांगे हैं। समिति ने एनटीए से पूछा कि क्या उसने सीबीआई जांच के अलावा नीट–यूजी 2024 के प्रश्नपत्र में अनियमितताओं के आरोपों की कोई जांच कराई थी। एनटीए से पिछले तीन वर्षों के सिफारिशें देने को कहा गया था।

सीबीएसई को 8 तो एनटीए को 10 तक देना है लिखित जवाब

सीबीएसई को आठ जून तक समिति के सवालों का जवाब देना होगा, वहीं एनटीए को 10 जून तक लिखित जवाब प्रस्तुत करने



परीक्षाओं में क्या किसी प्रश्नपत्र के लीक होने की घटना हुई? सूत्रों के अनुसार, समिति की प्रश्नावली पिछले सप्ताह उसके समक्ष एनटीए के अधिकारियों की पेशी के बाद आई है। अधिकारियों ने समिति को बताया था कि उनकी प्रणाली से कोई पेपर लीक नहीं हुआ था। उनका दावा था कि केवल एक ष्गेस पेपरष के कुछ प्रश्न पहले से प्रसारित हुए थे, जिन्हें पेपर लीक के रूप में प्रस्तुत किया गया। कांग्रेस के राज्यसभा सदस्य दिग्विजय सिंह की अध्यक्षता में शिक्षा, महिला, बाल, युवा और खेल संबंधी संसदीय समिति नीट पेपर लीक मामले और सीबीएसई के आन स्क्रीन मार्किंग (ओएसएम) सिस्टम मामले की जांच कर रही है। इसके लिए समिति ने एनटीए और सीबीएसई सहित शीर्ष सरकारी अधिकारियों को तलब किया है। समिति ने सीबीएसई और एनटीए से क्रमशः ओएसएम प्रणाली और लिए उसके कर्मचारियों की संख्या और 2022 से की गई नई भर्तियों के बारे में भी पूछा गया है। एनटीए द्वारा पिछले तीन वर्षों के लिए उच्च शिक्षा विभाग को प्रस्तुत की गई वार्षिक रिपोर्ट की कापी भी मांगी गई है। सूत्रों के अनुसार, इसमें राधाकृष्णन समिति की रिपोर्ट की 101 सिफारिशों में से प्रत्येक पर विस्तृत विवरण और एनटीए द्वारा की गई कार्रवाई की जानकारी देने को कहा गया है। केंद्र सरकार ने जून 2024 में इसरो के पूर्व प्रमुख के. राधाकृष्णन की अध्यक्षता में विशेषज्ञों की एक उच्चस्तरीय समिति का गठन किया था। इस समिति को एनटीए के माध्यम से परीक्षाओं के पारदर्शी, सुचारु और निष्पक्ष संचालन के लिए सुझाव देने का दायित्व सौंपा गया था। इसके तहत एनटीए की संरचना और कार्यप्रणाली, परीक्षा प्रक्रिया में सुधार तथा डाटा सुरक्षा प्रोटोकॉल को मजबूत बनाने जैसे मुद्दों पर के लिए कहा गया है। सूत्रों के अनुसार, दोनों एजेंसियों ने अब तक कोई जवाब नहीं दिया है।

सूत्रों ने बताया कि संसदीय समिति ने सीबीएसई से ओएसएम सिस्टम के लिए जारी अलग–अलग रिक्वेस्ट फॉर प्रपोजल (आरएफपी) में कथित ष्बदलावोंष के बारे में भी जानकारी मांगी है। इसके अलावा समिति ने यह भी पूछा है कि अनुबंध देने से पहले कोएम्प्ट की पृष्ठभूमि की कोई जांच–पड़ताल की गई थी या नहीं। सूत्रों के अनुसार, समिति ने सीबीएसई से यह भी जानना चाहा कि क्या उसे इस बात की जानकारी थी कि कोएम्प्ट एडुटेक या इसके निदेशक पहले ग्लोबरेना टेक्नोलाजीज से जुड़े थे, जिसके मूल्यांकन साफ्टवेयर में 2019 के तेलंगाना इंटरमीडिएट परिणामों की जांच में खामियां पाई गई थीं। क्या अनुबंध देते वक्त इसे ध्यान में रखा गया था?

# CBSE Scam का पर्दाफाश करने वाले छात्रों से मिले Rahul Gandhi, पीएम मोदी पर कसा तंज

सीबीएसई की ऑनस्क्रीन मार्किंग सिस्टम प्रणाली को लेकर विवाद लगातार गहराता जा रहा है। पिछले दिनों झारखंड के रांची के रहने वाले एक छात्र सार्थक सिद्धांत ने अपने ब्लॉग के जरिए इस सिस्टम को लेकर एक बड़ी पड़ताल सामने रखी थी, जिसने शिक्षा विभाग की नींव हिलाकर रख दी है। अब इस पूरे मामले में कांग्रेस के दिग्गज नेता राहुल गांधी की एंट्री हुई है और उन्होंने सार्थक सिद्धांत व उनके दोस्त निसर्ग अधिकारी की जमकर तारीफ की है। राहुल गांधी ने कहा कि सीबीएसई और कोएम्प्ट के बीच चल रही मिलीभगत का पर्दाफाश करके इन युवाओं ने कमाल कर दिया है। उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी चाहते हैं कि देश के युवा सिर्फ रील बनाते रहें और पकौड़े तलते रहें, लेकिन इन दोनों युवाओं ने सरकार से जरूरी सवाल भी उठाए और खुद उनके जवाब भी ढूंढ़ निकाले। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने पिछले हफ्ते सार्थक सिद्धांत के साथ हुई अपनी मुलाकात का एक वीडियो सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म श्एक्सश पर शेयर किया है। सार्थक, सीबीएसई की ओएसएम प्रक्रिया से प्रभावित छात्र हैं, जिन्होंने कक्षा 12वीं की बोर्ड परीक्षाओं के लिए ओएसएम प्रक्रिया का टेंडर देने वाली वेंडर कंपनी के चयन में कथित अनियमितताओं और गड़बड़ी की तरफ इशारा किया है।

# अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर मोदी सरकार का नया फोकस

## योग फॉर हेल्दी एजिंग से देगी बड़ा संदेश

नई दिल्ली। केंद्रीय आयुष मंत्री प्रतापराव जाधव ने कहा है कि इस साल अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर स्वस्थ वृद्धावस्था के लिए योग पर ध्यान केंद्रित करना वैश्विक स्तर पर सबसे अधिक प्राथमिकता वाले स्वास्थ्य से जुड़े मुद्दे को दर्शाता है, क्योंकि देश तेजी से बूढ़ी होती आबादी और जीवनशैली से जुड़ी बीमारियों के बढ़ते बोझ से जूझ रहे हैं। इस साल 21 जून को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस का मुख्य कार्यक्रम कोलकाता में होगा, जिसकी थीम 'स्वस्थ वृद्धावस्था के लिए योग' (योग फॉर हेल्दी एजिंग) होगी।



जाधव ने कहा कि अब ध्यान सिर्फ जीवन प्रत्याशा बढ़ाने से हटकर स्वस्थ, अधिक सक्रिय और सम्मानजनक जीवन पर होना चाहिए। उन्होंने 'पीटीआई–भाषा' से बातचीत में कहा, ''योग फॉर हेल्दी एजिंग थीम आज वैश्विक स्वास्थ्य प्राथमिकता वाले एक क्षेत्र को दिखाती है।'' मंत्री ने कहा कि योग उम्र बढ़ने तक पूरे सफर में शारीरिक चुस्ती, मानसिक कुशलता, भावनात्मक संतुलन और स्वास्थ्य देखभाल के लिए एक समग्रता प्रदान करता है। मेजबान शहर के तौर पर कोलकाता को चुनने पर जोर देते हुए, उन्होंने कहा कि यह शहर भारत की समृद्ध सांस्कृतिक और बौद्धिक विरासत को प्रदर्शित करता है। जाधव ने कहा, ''मेजबान शहर के तौर पर कोलकाता को चुनना भी उतना ही महत्वपूर्ण है। कोलकाता भारत की समृद्ध सांस्कृतिक, आध्यात्मिक और बौद्धिक विरासत को दिखाता है, जो इसे योग को शाश्वत परंपरा के तौर पर दिखाने के लिए एक आदर्श स्थान बनाता है।'' उन्होंने कहा कि दुनिया एक बड़ा जनसांख्यिकीय बदलाव देख रही है, जिसमें बुजुर्गों की आबादी तेजी से बढ़ रही है, जबकि तनाव से जुड़ी बीमारियां, गैर–संचारी रोग और जीवनशैली से जुड़ी बीमारियां

# वीआईपी काफिला छोड़ मेट्रो में मुख्यमंत्री डीके शिवकुमार, एलपीजी की बढ़ती कीमतों पर दिया बड़ा बयान

कर्नाटक के मुख्यमंत्री डीके



शिवकुमार ने राजनीति में वीआईपी कल्चर से दूर हटकर एक मिसाल पेश की है। उन्होंने विधान सौधा से सेंट्रल सिल्क बोर्ड जंक्शन तक का सफर मेट्रो से तय किया। बेंगलुरु मेट्रो में सफर करने के बाद मुख्यमंत्री ने कहा, ष्मैं आम लोगों का कीमती समय बर्बाद नहीं करना चाहता। सच तो यह है कि जब भी कोई मुख्यमंत्री सड़क मार्ग से यात्रा करता है, तो सुरक्षा और प्रोटोकॉल की वजह से सड़कों पर भारी ट्रैफिक जाम लग जाता है। इसी से बचने के लिए मैंने मेट्रो में करीब 45–50 मिनट का सफर किया। अब मैं अपने गांव जाऊंगा और उन लोगों से मुलाकात करूंगा जो साल 1985 से लगातार मुझे वोट देते आ रहे हैं।ष गैस और डीजल की बढ़ती कीमतों पर चिंता: मेट्रो सफर के दौरान जब मुख्यमंत्री से एलपीजी की कीमतों में हुई बढ़ोतरी को लेकर सवाल पूछा गया, तो उन्होंने कहा, ष्मैंने इस पूरे मामले पर संबंधित अधिकारियों से एक विस्तृत रिपोर्ट मांगी है।

### शपथ लेने के बाद पहली बार पहुंचे हारोहल्ली

कर्नाटक के 18वें मुख्यमंत्री के तौर पर शपथ लेने के बाद डीके शिवकुमार पहली बार अपने गृह निर्वाचन क्षेत्र हारोहल्ली पहुंचे। वहां पहुंचने पर स्थानीय लोगों और पार्टी कार्यकर्ताओं ने उनका बेहद शानदार और जोरदार स्वागत किया। मुख्यमंत्री को अपने बीच पाकर कार्यकर्ताओं में भारी उत्साह देखने को मिला।

### विरोधी दल के कार्यकर्ताओं को भी दिया न्योता

अपने संबोधन के दौरान मुख्यमंत्री डीके शिवकुमार ने पुरानी राजनीतिक यादों को भी ताजा किया। उन्होंने कहा, ष्हमने अतीत में जेडी(एस) की अनीता कुमारस्वामी की मदद की थी और उससे पहले कुमारस्वामी को भी चुनाव जीतने में मदद की थी, हालांकि मैं अब उन पुरानी बातों पर ज्यादा चर्चा नहीं करना चाहता। मैं यहां साफ कर देना चाहता हूं कि मैं सिर्फ अपनी पार्टी के कार्यकर्ताओं का नेता नहीं हूं। मैं जनता दल (एस) के कार्यकर्ताओं से भी कहूंगा कि डीके शिवकुमार ने आपके लिए भी अपने दरवाजे हमेशा खुले रखे हैं। अब आप खुद सोचिए कि इसका सही इस्तेमाल कैसे करना है।ष

# कब होगी प्रभारी निरीक्षक उतरौला पर कार्रवाई, लोगों की एसपी पर टिकी निगाहें

दैनिक बुद्ध का संदेश

उतरौला, बलरामपुर। उतरौला कोतवाल के विरुद्ध जन आक्रोश ऐसे ही नहीं पनप रहा है। लगातार जन विरोधी कार्यो के चलते पुलिस की नकारात्मक छवि बनती रही है। अहिरौला गांव में घटना के बाद जन विरोध सड़कों पर दिखा। कोतवाली मे एक प्रापर्टी डीलर का बढ़ता दबदबा और एक पक्षीय निर्णय भी पुलिस की नकारात्मक छवि बनाने में जिम्मेदार बना हुआ है। पिछले साल दीपावली के दिन गोंडा मोड़ तिराहे पर दो पक्षों के बीच विवाद के बाद प्रापर्टी डीलर के एक दर्जन गुंडों ने जमकर उत्पात किया। घटना की रिपोर्ट लिखाने गये लोगों पर कोतवाली परिसर में लाठीचार्ज किया गया। उनकी बाइकों को उठाकर थाने में जमा करा दिया गया। बाद में डीआइजी के आदेश पर बाइकें छोड़ी गई। विधायक के आदेश के बाद भी मुकदमा दर्ज करने में टाल मटोल किया गया। होली के दौरान रजया हरनीडीह में एक नाबालिग के साथ हुई छेड़छाड़ के मामले में भी पुलिस की हीलाहवाली और हिंदू संगठनों के दबाव के बाद कार्रवाई की गई थी। पुलिस ने दूसरे पक्ष से भी तहरीर मंगा कर पीड़ित पक्ष पर दबाव बनाने की कोशिश की थी। ईद की रात एक आनलाइन शापिंग के कार्यालय में तोड़फोड़ और लूट की घटना को पुलिस ने दर्ज करने के बजाय कर्मचारियों के साथ ही अभद्रता की और कैमरे की डीवीआर लेकर उसे भी मानने से इंकार कर दिया। दबंगों के भय से कर्मचारियों ने अपनी नौकरी छोड़ दी। मटियरिया कर्मा गांव में मई महीने में एक दलित बेटी की शादी में अड़चन पैदा करने की स्थिति में यूपी 112 की मौजूदगी में विवाह संपन्न कराया गया। तहरीर देने आए लड़की के पिता का शांति भंग में चालान कर दिया गया। यही नहीं जमानत लेने आए जमानतदार को एक आरक्षी ने तहसील परिसर में ही पीटा। शिकायत के बाद भी कोई कार्यवाही नहीं हुई। 27 मई को उतरौला के राजाजोत में दो पक्षों के बीच मारपीट हुई। पुलिस ने एक आरोपी राजेश का शांतिभंग में चालान किया। उसका मेडिकल हो जाने के बाद थाने बुलाकर प्रभारी निरीक्षक ने बुरी तरह लाठियों से पीटा। इससे उसके नाक और मुंह से रक्तस्राव तक होने लगा था। कोतवाली में मौजूद अन्य पुलिस कर्मियों ने इस पर विरोध भी जताया था। प्रभारी निरीक्षक के आतंक और एकपक्षीय कार्रवाई की इतनी लंबी सूची देखने सुनने के बाद जो जन आक्रोश पनप रहा था वही शनिवार को डीएम व एसपी के सामने मुखर हो गया। अब लोग ऐसे अधिकारी के विरुद्ध विभागीय कार्रवाई की अपेक्षा कर रहे हैं।

# ग्रामीणों के आंदोलन पर गैंड़ास बुजुर्ग थानाध्यक्ष लाइन हाजिर, उतरौला कोतवाल पर कार्रवाई का इंतजार

दैनिक बुद्ध का संदेश

उतरौला, बलरामपुर |27 मई को कोतवाली उतरौला क्षेत्र के अहिरौला निवासी धनराज मौर्य व अन्य के साथ गैंड़ास बुजुर्ग थाना क्षेत्र के पिपरा राम में हुई मारपीट के बाद धनराज की मौत से उपजे तनाव व पुलिस के खिलाफ पनपे आक्रोश को एसपी ने कम करने की पहल की है। लगातार विवादों में घिरे गैंडास थानाध्यक्ष राजीव मिश्र को पुलिस लाइन से संबद्ध कर दिया गया है। राणा प्रताप सिंह को नया थाना प्रभारी बनाया गया है। शनिवार को गांव में पहुंचे डीएम नितिन जैन व एसपी विकास कुमार से ग्रामीणों ने दोनों थाना प्रभारियों के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग करते हुए नारेबाजी की थी

| गैंड़ास बुजुर्ग के थानाध्यक्ष पर आरोप था कि उन्होंने राजू मौर्य के बयान को दरकिनार कर अपनी मर्जी से तहरीर तैयार करवाई। आरोपियों पर रहमदिली दिखाते हुए उनके विरुद्ध दंडात्मक कार्रवाई करने के बजाय सीधे जेल भेज दिया था। यही नही गैंड़ास की पुलिस चौबीसों घंटे आरोपियों के घरों की सुरक्षा करती रही। उतरौला के प्रभारी निरीक्षक अवधेश राज सिंह पर ग्रामीणों का आरोप है कि घटना करने वाले अभियुक्त इससे पहले भी कई जगहों पर मारपीट व दबंगई करते रहे लेकिन हर बार उतरौला पुलिस सुलह करवाती रही जिससे दबंगों का मनोबल बढ़ता गया। 26 मई को आरोपी अहिरौला गांव में गये थे जहां ग्रामीणों से कहासुनी हुई लेकिन पुलिस ने एहतियात नही बरती जिसके चलते 27 मई को बड़ा संघर्ष हुआ। इस संघर्ष में धनराज मौर्य के साथ पांच अन्य लोग जो बीच बचाव कराने गये थे। उन्हें भी बुरी तरह मारा गया। इस घटना में धर्मराज की चाची मीना देवी के गंभीर चोटें आईं और उनके हाथ की उंगली को भी एक आरोपी ने दातों से काट कर अलग कर दिया था। आरोपियों से पहले भी लड़ाई झगड़ा होने के बाद उतरौला पुलिस ने कोई कार्रवाई करने के बजाय सुलह समझौता कराती रही थी। पुलिस अधीक्षक ने गैंड़ास बुजुर्ग के थानाध्यक्ष के विरुद्ध कार्रवाई की है लेकिन ग्रामीण उतरौला कोतवाल के विरुद्ध विभागीय कार्रवाई की मांग पर अड़े हुए हैं।

# उतरौला में जेड एम फिजियो केयर का शुभारंभ, अब बिना दवा–सर्जरी के मिलेगा दर्द से राहत

दैनिक बुद्ध का संदेश

उतरौला,बलरामपुर |उतरौला में फिजियोथेरेपी की आधुनिक सुविधा शुरू हो गई है। न्यू बलरामपुर पैथोलॉजी सेंटर के बेसमेंट में नवसंचालित जेड एम फिजियो केयर का शुभारंभ रविवार को विधायक राम प्रताप वर्मा ने फीता काटकर किया। इस दौरान चेयरमैन प्रतिनिधि अनूपचंद गुप्ता भी मौजूद रहे। केंद्र की चिकित्सक व फिजियोथेरेपिस्ट डॉ ज़ोया मोबीन ने बताया कि फिजियोथेरेपी केवल दर्द कम करने तक सीमित नहीं है। यह शरीर की ताकत, संतुलन और मूवमेंट को बेहतर बनाने में मदद करती है। समय पर सही थेरेपी लेने से न सिर्फ दर्द से राहत मिलती है, बल्कि रोजमर्रा के काम करने की क्षमता भी बेहतर होती है और रिकवरी तेज होती है।डॉ ज़ोया मोबीन ने कहा कि जेड एम फिजियो केयर में अनुभवी फिजियोथेरेपिस्ट द्वारा आधुनिक तकनीकों के साथ व्यक्तिगत उपचार योजनाएं दी जाती हैं। इसका उद्देश्य मरीज को जल्दी और सुरक्षित तरीके से स्वस्थ करना है।डॉ मोबीन सिद्दीकी ने बताया कि फिजियोथेरेपी दर्द से राहत, मांसपेशियों की मजबूती और गतिशीलता सुधारने का प्रा.तिक तरीका है। बिना दवाओं और सर्जरी के पुरानी बीमारियों और चोटों को ठीक करने में यह बहुत प्रभावी है।केंद्र पर कमर दर्द, गर्दन का दर्द, घुटनों का दर्द और आर्थराइटिस यानी गठिया, चोट और मोच,



मांसपेशियों में खिंचाव, हड्डियों के फ्रैक्चर के बाद की रिकवरी का इलाज किया जाएगा। लकवा, पार्किंसंस और नसों से जुड़ी बीमारियों में संतुलन और ताकत सुधारने, सर्जरी के बाद रिहैबिलिटेशन, सूजन कम करने और शरीर की कार्यप्रणाली को सामान्य करने की थेरेपी उपलब्ध होगी। साथ ही अस्थमा और सीओपीडी जैसी फेफड़ों की समस्याओं में भी सुधार के लिए उपचार किया जाएगा।विधायक राम प्रताप वर्मा ने कहा कि आज की भागदौड़ भरी जिंदगी में अधिकांश लोग दर्द और अन्य समस्याओं से पीड़ित रहते हैं। इसका सटीक उपचार फिजियोथेरेपी में उपलब्ध है। क्षेत्र में फिजियोथेरेपी की सुविधा शुरू होने से अब लोगों को बड़े शहरों के फिजियोथेरेपिस्ट के पास नहीं जाना पड़ेगा। कार्यक्रम का संचालन न्यू बलरामपुर पैथोलॉजी चौरिटेबल ब्लड एंड कंपोनेंट सेंटर के प्रबंधक राकेश श्रीवास्तव ने किया। इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि अनूप चन्द गुप्त,प्रधानाचार्य अबुल हाशिम खान, डॉ एसडी भारती, देवानंद गुप्ता, एजाज मलिक, अंसार खान, डॉ इतेखार, सीमाब जफर बब्बू, अब्दुर्रहमान सिद्दीकी, आबिद अली, रोहित राज, एडवोकेट ओपी श्रीवास्तव समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

# लापता किशोर का शव बैराज के पास से हुआ बरामद

दैनिक बुद्ध का संदेश

गैसड़ी बलरामपुर |स्थानीय थाना कोतवाली गैसड़ी के अंतर्गत ग्राम भोजपुरी संतरी निवासी रहीम पुत्र सलीम मनिहार आयु करीब 18 वर्ष अपने साथियों के साथ शनिवार को सुबह करीब साढ़े दस बजे चित्तौड़गढ़ जलाशय घूमने के लिए गया था इस दौरान तेज धूप होने के कारण पहले से कुछ लोग नहा रहे थे जिसे देखकर अपने साथियों के साथ जलाशय के बाहरी साइड में नहाने लगे पहले लोगों ने कम गहराई में नहाए वहां जब संतुष्टि नहीं मिली तो और गहरे स्थान पर नहाने चले गए जिससे रहीम डूब गए थे जिनका लगातार तलाश किया जा रहा था। रविवार को सुबह करीब 11 बजे लापता रहीम का शव बैराज के पास पानी में उतराता हुआ दिखाई दिया जिसे स्थानीय पुलिस व क्षेत्र वासियों के सूझबूझ से ट्यूब के सहारे बाहर निकाला गया । बताते चलें कि मृतक के परिवार का गरीबी से जिंदगी गुज़र रही थी मृतक की मां कमरजहां गृहस्थी कार्य सम्हालती थी तो पिता गरीबी के चलते ई–रिक्शा चलाकर दो जून की रोटी का इन्तजाम करते थे। वहीं मझला बेटा हलीम का करीब एक वर्ष पूर्व मार्ग दुर्घटना में मृत्यु हो गई थी। पहली घटना का दर्द भूला नहीं कि दूसरी घटना सबसे छोटे बेटे रहीम के साथ हो गई। जबकि 22 वर्षीय बड़े बेटे अलीम के कन्धे पर घर का सारा बोझ आ गई है। शव बरामद होने की खबर सुनकर परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है। घटना को संज्ञान में लेकर युवा समाजसेवी रामपाल यादव ने पीड़ित परिवार को अहेतुक धनराशि दिलायें की मांग जिला प्रशासन से की है । घटना के संबंध में प्रभारीनिरीक्षक दुर्विजय ने बताया कि डूबे हुए व्यक्ति है शव बरामद कर ली गई है जिसे पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है एवं विधिक कार्यवाही की जा रही है । लापता युवक का बड़ा भाई अलीम ने बताया कि शनिवार को करीब सुबह 10रू15 बजे घर से टहलने के लिए बताकर निकला था जो तैरना नही जानता था जिससे उसकी जान चली गई ।

# डीएम व एसपी ने पुलिस भर्ती परीक्षा केंद्रों का किया औचक निरीक्षण, पारदर्शी परीक्षा के दिए निर्देश

दैनिक बुद्ध का संदेश

संतकबीरनगर। उत्तर प्रदेश पुलिस आरक्षी भर्ती परीक्षा–2025 को निष्पक्ष, पारदर्शी, सकुशल एवं शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के उद्देश्य से जिलाधिकारी आलोक कुमार एवं पुलिस अधीक्षक संदीप कुमार मीना ने संयुक्त रूप से खलीलाबाद क्षेत्र के विभिन्न परीक्षा केंद्रों का औचक निरीक्षण किया |अधिकारियों ने मौलाना अब्दुल कलाम इंटर कॉलेज, पीएमश्री राजकीय इंटर कॉलेज एवं हीरालाल पीजी कॉलेज, खलीलाबाद में बनाए गए परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण कर सुरक्षा एवं व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान परीक्षा की शुचिता एवं पारदर्शिता बनाए रखने के लिए आवश्यक दिशा–निर्देश भी दिए गए।निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने परीक्षा केंद्रों के आसपास सुरक्षा व्यवस्था को और मजबूत करने तथा संदिग्ध गतिविधियों पर कड़ी नजर रखने के निर्देश दिए। अभ्यर्थियों के प्रवेश एवं निकास के समय किसी प्रकार की अव्यवस्था और भीड़भाड़ न हो, इसके लिए बैरिकेडिंग एवं सुव्यवस्थित लाइन व्यवस्था की समीक्षा की गई |अधिकारियों ने परीक्षा कक्षों, लॉबी तथा मुख्य द्वारों पर लगाए गए सीसीटीवी कैमरों की कार्यशीलता का भी निरीक्षण किया, ताकि पूरी परीक्षा प्रक्रिया पर प्रभावी निगरानी रखी जा सके।



इसके अलावा अभ्यर्थियों की सुविधा के लिए पेयजल, प्रकाश व्यवस्था, शौचालय एवं बैठने की समुचित व्यवस्था का भी जायजा लिया गया |जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने ड्यूटी पर तैनात अधिकारियों एवं कर्मचारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप परीक्षा को पूर्णतः नकलविहीन, निष्पक्ष और पारदर्शी तरीके से संपन्न कराना सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने स्पष्ट किया कि सुरक्षा व्यवस्था में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

अधिकारियों ने चेतावनी दी कि परीक्षा की शुचिता भंग करने अथवा अफवाह फैलाने वाले शरारती तत्वों के विरुद्ध कठोर कानूनी कार्रवाई की जाएगी |इस अवसर पर क्षेत्राधिकारी खलीलाबाद प्रियम राजशेखर पाण्डेय, प्रभारी निरीक्षक कोतवाली खलीलाबाद जयप्रकाश पाण्डेय, परीक्षा केंद्रों के केंद्र व्यवस्थापक सहित अन्य प्रशासनिक एवं पुलिस अधिकारी–कर्मचारी उपस्थित रहे।

# मेंहदावल में घर में घुसकर तोड़फोड़ व छेड़खानी का आरोप, पुलिस जांच में जुटी

दैनिक बुद्ध का संदेश

संतकबीरनगर। मेंहदावल थाना क्षेत्र में घर में घुसकर तोड़फोड़, छेड़खानी और मारपीट का मामला सामने आया है। आरोप है कि बखिरा थाना क्षेत्र के अमरडोभा गांव के आधा दर्जन युवकों ने घटना को अंजाम दिया। स्थानीय लोगों ने आरोपित युवकों को पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया |पीड़ित पक्ष के अनुसार, आरोपितों ने घर में घुसकर दुकान में तोड़फोड़ की तथा परिवार की महिलाओं के साथ छेड़खानी और मारपीट की। बीच–बचाव करने पहुंचे स्थानीय लोगों के साथ भी अभद्रता और धमकी देने का आरोप लगाया गया है |घटना की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जानकारी ली। सभासद समीर आलम ने बताया कि घटना में काफी नुकसान हुआ है |प्रभारी निरीक्षक राकेश कुमार सिंह ने बताया कि अभी तक इस मामले में कोई तहरीर प्राप्त नहीं हुई है। तहरीर मिलने पर जांच कर नियमानुसार आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

# युवक की ईमानदारी से खोया हुआ मोबाइल उसके स्वामी को मिला वापस

दैनिक बुद्ध का संदेश

संतकबीर नगर |थाना महुली क्षेत्र के ग्राम भगौतीपुर निवासी




राकेश चन्द पुत्र स्वर्गीय राजबली ने ईमानदारी एवं सामाजिक उत्तरदायित्व का परिचय देते हुए एक गिरे हुए मोबाइल फोन को पाकर तत्काल इसकी सूचना थाना महुली पुलिस को दी । सूचना प्राप्त होने पर थाना महुली पुलिस द्वारा सक्रियता दिखाते हुए मोबाइल धारक की पहचान एवं पता–ठिकाना ज्ञात करने का प्रयास किया गया । जांच के दौरान मोबाइल फोन के स्वामी का नाम हिमांशु मिश्रा पुत्र श्री वीरेंद्र मिश्रा निवासी ग्राम महुली खास थाना महुली जनपद संतकबीरनगर होना पाया गया |इसके उपरांत थाना महुली पुलिस द्वारा हिमांशु मिश्रा को थाना बुलाकर आवश्यक सत्यापन के बाद उनका मोबाइल फोन सकुशल सुपुर्द किया गया । अपना खोया हुआ मोबाइल वापस पाकर विमलेश मिश्रा के चेहरे पर खुशी साफ दिखाई दी तथा उन्होंने राकेश चन्द एवं थाना महुली पुलिस का आभार व्यक्त किया। थानाध्यक्ष महुली एवं उपस्थित पुलिसकर्मियों द्वारा राकेश चन्द की ईमानदारी की सराहना करते हुए उन्हें धन्यवाद दिया गया तथा अन्य लोगों को भी ऐसी परिस्थितियों में ईमानदारी एवं जिम्मेदारी का परिचय देने के लिए प्रेरित किया गया |थाना महुली पुलिस आमजन से अपील करती है कि किसी भी प्रकार की खोई हुई वस्तु मिलने पर निकटतम पुलिस स्टेशन को सूचित करें, जिससे वस्तु को उसके वास्तविक स्वामी तक पहुंचाया जा सके ।

# खेड़ा राठौर वृहद गौ संरक्षण केंद्र बना ग्रामीण विकास और पशुधन प्रबंधन का आदर्श मॉडल

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के ग्रामीण अंचलों में कृषि एवं पशुपालन सदैव आर्थिक और सामाजिक जीवन की धुरी रहे हैं। निराश्रित एवं बेसहारा गोवंश की बढ़ती समस्या के समाधान हेतु राज्य सरकार द्वारा लागू निराश्रित गोवंश संरक्षण कार्यक्रम अब प्रभावी परिणाम दे रहा है, जिससे ग्रामीण अर्थव्यवस्था को नई मजबूती मिल रही है |आगरा जनपद के बाह तहसील स्थित ग्राम खेड़ा राठौर में स्थापित वृहद गौ संरक्षण केंद्र इस नीति का एक उत्कृष्ट उदाहरण बनकर उभरा है। लगभग डेढ़ वर्ष पूर्व स्थापित यह केंद्र आज बेसहारा, बीमार एवं कमजोर गोवंश के लिए सुरक्षित आश्रय स्थल के रूप में विकसित हो चुका है |चार सौ गोवंश की क्षमता वाले इस केंद्र में वर्तमान में चार सौ से अधिक पशु सुरक्षित रूप से संरक्षित हैं। जिला प्रशासन के कुशल प्रबंधन एवं वैज्ञानिक दृष्टिकोण के चलते प्रत्येक पशु को समुचित पोषण, चिकित्सा सुविधा एवं देखभाल उपलब्ध कराई जा रही है |करीब एक एकड़ क्षेत्रफल में विकसित इस केंद्र में चार सौ कुंतल क्षमता वाला भूसा गोदाम, आधुनिक चरही व्यवस्था, केयरटेकर कक्ष एवं प्रशासनिक कार्यालय जैसी सुविधाएं उपलब्ध हैं। भूसा गोदाम का निर्माण उत्तरदृदक्षिण दिशा में किया गया है, जिससे वायु संचार एवं नमी नियंत्रण सुनिश्चित हो सके और चारे की गुणवत्ता लंबे समय तक सुरक्षित रहे |केंद्र का स्थान चयन भी वैज्ञानिक आधार पर किया गया है, जो आबादी क्षेत्र से सुरक्षित दूरी पर स्थित होने के साथ ही मुख्य मार्ग से पक्की सड़क द्वारा जुड़ा है, जिससे चारे की आपूर्ति एवं चिकित्सकीय सेवाओं का संचालन सुचारू रहता है। बेहतर जल निकासी व्यवस्था के कारण बरसात के मौसम में भी परिसर जलभराव से मुक्त रहता है |यहां वर्तमान में बछड़े एवं बछड़ियों सहित गर्भवती और दुधारू गायों का विशेष ध्यान रखा जा रहा है। लगभग दो टन प्रतिदिन हरे चारे का उत्पादन केंद्र परिसर में ही किया जा रहा है, जिससे यह आत्मनिर्भर मॉडल के रूप में विकसित हो रहा है |इस योजना के परिणामस्वरूप न केवल गोवंश को सुरक्षित आश्रय मिला है, बल्कि किसानों की फसलों को होने वाला नुकसान भी लगभग समाप्त हो गया है। इससे ग्रामीणों की आर्थिक स्थिति में सुधार हुआ है तथा खेतों की सुरक्षा की समस्या का समाधान भी हुआ है। गोवंश से प्राप्त जैविक खाद कृषि भूमि की उर्वरता बढ़ाने में सहायक बन रही है, जिससे रासायनिक उर्वरकों पर निर्भरता कम हो रही है |प्रदेश सरकार के आंकड़ों के अनुसार उत्तर प्रदेश में वर्तमान में 7,527 गो–आश्रय स्थल संचालित हैं, जिनमें 12.29 लाख से अधिक गोवंश संरक्षित हैं। इनमें 518 वृहद गो–संरक्षण केंद्रों में 1.58 लाख से अधिक गोवंश को आश्रय दिया गया है। इसके अतिरिक्त मुख्यमंत्री सहभागिता योजना के तहत अब तक 1.14 लाख लाभार्थियों को 1.82 लाख से अधिक गोवंश सुपुर्द किए जा चुके हैं |निगरानी व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने हेतु हजारों आश्रय स्थलों पर सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं तथा कई जनपदों में कमांड एवं कंट्रोल रूम स्थापित किए गए हैं। साथ ही गोचर भूमि के विकास, हरे चारे के उत्पादन, गोबर गैस संयंत्रों एवं वर्मी कम्पोस्ट जैसे उपायों से ग्रामीण स्वावलंबन को बढ़ावा मिल रहा है |खुरपका, मुंहपका, गलाघोटू एवं लंपी स्किन डिजीज जैसी बीमारियों के विरुद्ध व्यापक टीकाकरण अभियान से पशु स्वास्थ्य संरक्षण को मजबूती मिली है |खेड़ा राठौर का यह वृहद गौ संरक्षण केंद्र इस बात का प्रमाण है कि सुनियोजित सरकारी नीति, प्रशासनिक दक्षता और जनभागीदारी के समन्वय से न केवल पशुधन संरक्षण संभव है, बल्कि ग्रामीण विकास, कृषि सुधार और पर्यावरण संतुलन के क्षेत्र में भी व्यापक परिवर्तन लाया जा सकता है।

# मिशन शक्ति अभियान के तहत महिलाओं को किया गया जागरूक

## साइबर सुरक्षा व नए कानूनों की दी जानकारी

दैनिक बुद्ध का संदेश




**बांसी।** खेसरहा। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ. अभिषेक महाजन के निर्देशन में चलाए जा रहे मिशन शक्ति 5 (द्वितीय चरण) अभियान के अंतर्गत थाना शिवनगर डिड़ई पुलिस द्वारा महिलाओं को जागरूक करने के लिए विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया।थाना प्रभारी बृजेश सिंह के नेतृत्व में मिशन शक्ति टीम ने थाना क्षेत्र के ग्राम जमुनी असनार में महिलाओं के बीच जागरूकता अभियान चलाया। इस दौरान महिलाओं को मिशन शक्ति अभियान के उद्देश्यों, महिला सुरक्षा से जुड़े नए कानूनों, साइबर अपराधों से बचाव के उपायों तथा एंटी रोमियो अभियान के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई।पुलिस टीम ने महिलाओं को बताया कि किसी भी प्रकार की छेड़खानी, घरेलू हिंसा, उत्पीड़न, साइबर ठगी अथवा अन्य अपराध की स्थिति में तत्काल पुलिस हेल्पलाइन 112, महिला हेल्पलाइन 1090, महिला सहायता नंबर 181 तथा चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 पर संपर्क कर सहायता प्राप्त की जा सकती है।जागरूकता कार्यक्रम में सोशल मीडिया के सुरक्षित उपयोग पर भी विशेष बल दिया गया। महिलाओं को अनजान लिंक पर क्लिक न करने, ओटीपी एवं बैंकिंग संबंधी गोपनीय जानकारी किसी के साथ साझा न करने तथा साइबर अपराध होने पर तत्काल शिकायत दर्ज कराने के लिए प्रेरित किया गया।कार्यक्रम में उपस्थित महिलाओं ने पुलिस द्वारा दी गई जानकारी को उपयोगी बताते हुए ऐसे जागरूकता कार्यक्रमों के नियमित आयोजन की आवश्यकता पर जोर दिया। पुलिस टीम ने महिलाओं को आत्मविश्वास के साथ अपने अधिकारों के प्रति सजग रहने तथा किसी भी समस्या की सूचना तत्काल पुलिस को देने के लिए प्रेरित किया।

# उसका बाजार में छात्र–छात्राओं व लाभार्थियों को अनुदान पर साइकिल वितरण

दैनिक बुद्ध का संदेश



**उसका बाजार सिद्धार्थनगर।** नगर क्षेत्र के शिव मंदिर परिसर में रविवार को अनुदान पर साइकिल वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में छात्र–छात्राओं एवं पात्र लाभार्थियों को रियायती दर पर साइकिलें वितरित की गईं।कार्यक्रम के दौरान नगर पंचायत पायोहारी आश्रम के महंत लालबहादुर दास एवं भाजपा नामित सभासद पवन जायसवाल ने लाभार्थियों को साइकिलें प्रदान कर उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर भाजपा मंडल उपाध्यक्ष सत्यप्रकाश वर्मा सहित बड़ी संख्या में लाभार्थी और स्थानीय गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।अपने संबोधन में महंत लालबहादुर दास ने कहा कि साइकिल वितरण योजना का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों, श्रमिकों तथा जरूरतमंद नागरिकों को कम खर्च में आवागमन की सुविधा उपलब्ध कराना है, जिससे उनके समय और धन दोनों की बचत हो सके। उन्होंने कहा कि ऐसी योजनाएं समाज के कमजोर वर्गों को सशक्त बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं।भाजपा नामित सभासद पवन जायसवाल ने कहा कि शिक्षा को बढ़ावा देने और लोगों को आत्मनिर्भर बनाने के लिए इस प्रकार की योजनाएं बेहद उपयोगी हैं। साइकिल मिलने से छात्र–छात्राओं को विद्यालय एवं महाविद्यालय आने–जाने में सुविधा होगी, वहीं अन्य लाभार्थी भी अपने दैनिक कार्यों को आसानी से पूरा कर सकेंगे।साइकिल प्राप्त करने वाले लाभार्थियों ने कार्यक्रम के आयोजकों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह योजना आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों के लिए राहत प्रदान करने वाली है।कार्यक्रम में रामायन मिश्रा, राहुल दुबे, दिलीप मिश्रा, अशोक जायसवाल, राजनाथ सिंह, विशाल रावत, प्रभात मिश्रा, भोला गोंड, राजकुमार सहानी, दुर्गावती यादव, शुभम प्रजापति, रामबेलास, अवनीश जायसवाल, आनंद वर्मा सहित अनेक लोग मौजूद रहे।

# राप्ती नदी में नहाने गया युवक डूबा, तलाश में जुटी पुलिस व गोताखोर

दैनिक बुद्ध का संदेश

सिद्धार्थनगर। डुमरियागंज क्षेत्र में रविवार को राप्ती नदी में नहाने के दौरान एक 18 वर्षीय युवक के डूब जाने से हड़कंप मच गया। घटना की सूचना मिलते ही परिजन और स्थानीय लोग मौके पर पहुंच गए, जबकि पुलिस एवं गोताखोरों की टीम युवक की तलाश में जुट गई।जानकारी के अनुसार, डुमरियागंज के आजाद नगर वार्ड नंबर–2 निवासी सुहेल (18) पुत्र अयलब अपने दोस्तों के साथ राप्ती नदी में नहाने गया था। नहाने के दौरान वह डुमरियागंज स्थित राप्ती नदी पुल के पूर्वी छोर पर गंगा माई झाल के पास गहरे पानी में चला गया और डूब गया।घटना के बाद मौके पर अफरा–तफरी मच गई। सूचना मिलते ही बड़ी संख्या में ग्रामीण और परिजन घटनास्थल पर पहुंच गए। स्थानीय नाविकों की मदद से युवक की तलाश शुरू की गई।डुमरियागंज पुलिस एवं गोताखोरों की टीम भी मौके पर पहुंचकर युवक की खोजबीन में जुटी हुई है। समाचार लिखे जाने तक युवक का पता नहीं चल सका था। घटना से परिजनों का रो–रोकर बुरा हाल है तथा पूरे क्षेत्र में शोक का माहौल व्याप्त है।

# मारपीट में घायल युवक की इलाज के दौरान मौत, हत्या का मुकदमा दर्ज

दैनिक बुद्ध का संदेश

शोहरतगढ़, सिद्धार्थनगर। शोहरतगढ़ थाना क्षेत्र में पांच दिन पूर्व हुई मारपीट की घटना में घायल युवक की इलाज के दौरान मौत हो गई। घटना के बाद पुलिस ने तहरीर के आधार पर हत्या का मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।जानकारी के अनुसार, शोहरतगढ़ के नीबी दोहनी गांव निवासी इंद्रेश यादव पुत्र रामगुलाम को कुछ दिन पहले हुए विवाद में गंभीर चोटें आई थीं। घायल अवस्था में उन्हें पहले स्थानीय स्तर पर उपचार दिया गया, बाद में हालत बिगड़ने पर उन्हें मेडिकल कॉलेज गोरखपुर रेफर कर दिया गया था।इलाज के दौरान मेडिकल कॉलेज गोरखपुर में उनकी मौत हो गई। मृतक के चाचा श्याम सुंदर की तहरीर पर पुलिस ने गांव के ही राजमणि चौहान समेत तीन लोगों के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज किया है।थानाध्यक्ष नवीन कुमार सिंह ने बताया कि तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। मामले की जांच की जा रही है तथा जांच के आधार पर आगे की विधिक कार्रवाई की जाएगी।

# खेसरहा भाजपा मंडल कार्यसमिति बैठक में संगठन विस्तार चर्चा

दैनिक बुद्ध का संदेश



**खोसरहा।** खोसरहा, सिद्धार्थनगर। भारतीय जनता पार्टी खोसरहा मंडल की कार्यसमिति बैठक बेलौहा स्थित बेलवालगुनही बाबा लोकेश्वर नाथ मंदिर परिसर में आयोजित की गई। बैठक में संगठन की मजबूती, आगामी कार्यक्रमों तथा जनसंपर्क अभियानों को लेकर विस्तृत चर्चा की गई।बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में बांसी विधायक जय प्रताप सिंह एवं मंडल प्रभारी तथा पूर्व जिला महामंत्री विपिन सिंह उपस्थित रहे। दोनों नेताओं ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए संगठन की नीतियों, उपलब्धियों और आगामी कार्ययोजनाओं की जानकारी दी।विधायक जय प्रताप सिंह ने कहा कि केंद्र और प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना पार्टी की प्राथमिकता है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से बूथ स्तर तक संगठन को मजबूत करने, जनता के बीच निरंतर संवाद बनाए रखने तथा सरकार की योजनाओं को घर–घर तक पहुंचाने का आह्वान किया।मंडल प्रभारी विपिन सिंह ने संगठनात्मक कार्यक्रमों, सदस्यता विस्तार अभियान तथा विभिन्न जनहितकारी गतिविधियों की रूपरेखा प्रस्तुत करते हुए कहा कि कार्यकर्ताओं की सक्रियता ही संगठन की सबसे बड़ी ताकत है। उन्होंने सभी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं से आगामी कार्यक्रमों को सफल बनाने के लिए पूरी निष्ठा के साथ कार्य करने का आग्रह किया। बैठक में मंडल पदाधिकारी, बूथ अध्यक्ष, शक्ति केंद्र संयोजक एवं बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे। सभी ने संगठन द्वारा निर्धारित आगामी कार्यक्रमों को सफल बनाने का संकल्प लिया।बैठक का समापन राष्ट्रगान के साथ किया गया।

# मुहर्रम को लेकर शोहरतगढ़ थाने में हुई पीस कमेटी की बैठक

दैनिक बुद्ध का संदेश

शोहरतगढ़, सिद्धार्थनगर।आगामी मुहर्रम पर्व को शांतिपूर्ण एवं सकुशल संपन्न कराने के उद्देश्य से शोहरतगढ़ थाना सभागार में प्रभारी निरीक्षक नवीन कुमार सिंह की अध्यक्षता में पीस कमेटी की बैठक आयोजित की गई। बैठक में दोनों समुदायों के धर्मगुरुओं, ताजियादारों, जुलूस आयोजकों, ग्राम प्रधानों एवं क्षेत्र के संभ्रांत नागरिकों ने भाग लिया। बैठक के दौरान मुहर्रम पर्व के आयोजन की रूपरेखा पर चर्चा करते हुए प्रभारी निरीक्षक नवीन कुमार सिंह ने कहा कि त्योहार को सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने के लिए पुलिस प्रशासन पूरी तरह सतर्क है। उन्होंने बताया कि ताजिया जुलूसों के निर्धारित मार्गों का सत्यापन कर आवश्यक व्यवस्थाओं की समीक्षा की गई है तथा संवेदनशील क्षेत्रों पर विशेष निगरानी रखी जा रही है।उन्होंने उपस्थित लोगों को उच्चाधिकारियों द्वारा जारी दिशा–निर्देशों से अवगत कराते हुए अफवाहों से दूर रहने और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल पुलिस को देने की अपील की। उन्होंने कहा कि पर्व के दौरान पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती रहेगी तथा सोशल मीडिया पर विशेष निगरानी रखी जाएगी। प्रमुख स्थानों पर सीसीटीवी कैमरों एवं ड्रोन कैमरों के माध्यम से सुरक्षा व्यवस्था को और मजबूत किया जाएगा।बैठक को संबोधित करते हुए जामा मस्जिद के सदर अल्ताफ हुसैन ने मुहर्रम पर्व को आपसी भाईचारे और शांति के साथ मनाने की अपील की तथा प्रशासन को पूर्ण सहयोग का भरोसा दिलाया। इस अवसर पर उपनिरीक्षक संतोष यादव, मुख्य आरक्षी दिनेश यादव, मुख्य आरक्षी प्रभाकर यादव, आरक्षी रामकरन सहित दोनों समुदायों के गणमान्य नागरिक, धर्मगुरु एवं ताजियादार उपस्थित रहे।

# ट्रेन का इंतजार कर रही महिला की रेलवे स्टेशन पर मौत, मचा हड़कंप

दैनिक बुद्ध का संदेश

सिद्धार्थनगर। सिद्धार्थनगर रेलवे स्टेशन पर ट्रेन का इंतजार कर रही एक महिला की अचानक मौत हो जाने से हड़कंप मच गया। सूचना मिलने पर रेलवे पुलिस और स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची तथा शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।जानकारी के अनुसार, मोहाना थाना क्षेत्र के हरिबंधा गांव निवासी गुलाबी देवी (60) शनिवार सुबह ट्रेन पकड़ने के लिए करीब 10रू30 बजे सिद्धार्थनगर रेलवे स्टेशन पहुंची थीं। टिकट लेने के बाद वह प्लेटफॉर्म पर बैठकर ट्रेन का इंतजार कर रही थीं। इसी दौरान उनकी तबीयत अचानक बिगड़ गई और वह बेहोश होकर गिर पड़ीं।मौके पर मौजूद यात्रियों ने उन्हें संभालने का प्रयास किया, लेकिन तब तक उनकी मौत हो चुकी थी। महिला की अचानक मौत से स्टेशन परिसर में अफरा–तफरी का माहौल बन गया।घटना की सूचना मिलने पर जीआरपी और स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।थानाध्यक्ष रमा यादव ने बताया कि महिला की मौत के कारणों का पता पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही चल सकेगा। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# संदिग्ध परिस्थितियों में दो सगी बहनें लापता, अपहरण का मुकदमा दर्ज

दैनिक बुद्ध का संदेश

चिल्हिया, सिद्धार्थनगर। चिल्हिया थाना क्षेत्र के एक गांव से दो सगी किशोरियों के संदिग्ध परिस्थितियों में लापता होने का मामला सामने आया है। परिजनों की तहरीर पर पुलिस ने अपहरण समेत अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।जानकारी के अनुसार, मंगलवार सुबह करीब 10 बजे 15 और 17 वर्षीय दो सगी बहनें घर से बिना किसी को बताए कहीं चली गईं। काफी देर तक घर वापस न लौटने पर परिजनों ने उनकी तलाश शुरू की, लेकिन कोई सुराग नहीं मिला।इसके बाद किशोरियों की मां ने पुलिस को तहरीर देकर आरोप लगाया कि एक अज्ञात व्यक्ति उनकी नाबालिग बेटियों को बहला–फुसलाकर अपने साथ ले गया है। तहरीर के आधार पर पुलिस ने अपहरण सहित अन्य संबंधित धाराओं में मामला दर्ज कर लिया है।पुलिस टीम संभावित स्थानों पर किशोरियों की तलाश कर रही है और विभिन्न पहलुओं से मामले की जांच की जा रही है।प्रभारी निरीक्षक राजेश कुमार गुप्ता ने बताया कि पीड़िता की मां की तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। दोनों किशोरियों की बरामदगी के लिए आवश्यक कार्रवाई की जा रही है तथा मामले की जांच जारी है।

# मोहर्रम पर्व की तैयारियों को लेकर शिवनगर डिड़ई थाने में हुई पीस कमेटी की बैठक

दैनिक बुद्ध का संदेश

**खोसरहा।** खोसरहा, सिद्धार्थनगर। आगामी मोहर्रम पर्व को सकुशल, शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने के उद्देश्य से थाना शिवनगर डिड़ई परिसर में पीस कमेटी की बैठक आयोजित की गई। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ. अभिषेक महाजन के निर्देशन में आयोजित इस बैठक की अध्यक्षता थानाध्यक्ष बृजेश सिंह ने की।बैठक में क्षेत्र के ताजियादारों, जुलूस आयोजकों, ग्राम प्रधानों, संभ्रांत नागरिकों एवं विभिन्न धर्मों के धर्मगुरुओं ने भाग लिया। इस दौरान थानाध्यक्ष बृजेश सिंह ने सभी से आपसी भाईचारा, सामाजिक सौहार्द एवं शांति व्यवस्था बनाए रखते हुए मोहर्रम पर्व मनाने की अपील की।उन्होंने कहा कि मोहर्रम के अवसर पर निकलने वाले ताजिया जुलूस निर्धारित मार्ग एवं समय के अनुसार ही निकाले जाएं। साथ ही किसी भी प्रकार की अफवाह पर ध्यान न देने तथा संदिग्ध गतिविधियों की सूचना तत्काल पुलिस को देने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि किसी भी विवाद या समस्या की स्थिति में पुलिस को तुरंत अवगत कराया जाए, ताकि समय रहते उसका समाधान किया जा सके।बैठक में सोशल मीडिया के जिम्मेदार उपयोग पर भी जोर दिया गया। पुलिस प्रशासन ने लोगों से भ्रामक, भड़काऊ अथवा आपत्तिजनक पोस्ट साझा न करने तथा कानून–व्यवस्था बनाए रखने में सहयोग करने की अपील की।इस दौरान जुलूस




मार्ग, सुरक्षा व्यवस्था, यातायात प्रबंधन एवं अन्य आवश्यक तैयारियों पर विस्तार से चर्चा की गई। उपस्थित लोगों ने पुलिस प्रशासन को पूर्ण सहयोग का आश्वासन देते हुए मोहर्रम पर्व को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण ढंग से संपन्न कराने का संकल्प लिया।पुलिस प्रशासन ने स्पष्ट किया कि त्योहार के दौरान शांति व्यवस्था भंग करने या कानून–व्यवस्था से खिलवाड़ करने वाले असामाजिक तत्वों पर कड़ी नजर रखी जाएगी तथा नियमों का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# महंगाई और बेरोजगारी तथा भ्रष्टाचार ही भाजपा सरकार की सबसे बड़ी उपलब्धि–माता प्रसाद पांडेय

दैनिक बुद्ध का संदेश

**खेसरहा।** डॉ0 राम मनोहर लोहिया डिग्री कॉलेज इटवा में समाजवादी पार्टी के सेक्टर और




बूथ प्रभारियों की बैठक का आयोजन रविवार को किया गया। जिसमें आगामी 2027 विधानसभा के चुनाव को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। इस बैठक को संबोधित करते हुए विधायक इटवा व नेता प्रतिपक्ष माता प्रसाद पाण्डेय ने बतौर मुख्य अतिथि कहा कि आने वाले कुछ ही महीनों में विधानसभा 2027 का चुनाव होने वाला है।पार्टी के सभी पदाधिकारी और कार्यकर्ता अपने अपने बूथ पर लग कर पार्टी को और अधिक मजबूत करने का काम करें। जिससे उत्तर प्रदेश में समाजवादी पार्टी की पूर्ण बहुमत की सरकार बनाकर अखिलेश यादव को मुख्यमंत्री बनाया जा सके। भाजपा की केंद्र व प्रदेश सरकार पुलिस के बल पर विधानसभा का चुनाव जीतना चाहती है। लेकिन समाजवादी पार्टी पूरे प्रदेश में इसका डटकर मुकाबला करने के लिए तैयार है। भाजपा सरकार ने आम जनता को सिर्फ महंगाई, बेरोजगारी और भ्रष्टाचार का तोहफा दिया।जिसके कारण आम जनता ने इसे उत्तर प्रदेश से हटाने का पूरा मन बना लिया है।

भाजपा ने जनता को सिर्फ लाइन में लाकर खड़ा कर दिया।इस बैठक का संचालन विधानसभा अध्यक्ष बबलू खान ने की।इस बैठक को प्रदेश सचिव अजय चौधरी, प्रदेश सचिव बेचई यादव, जिला महासचिव कमरुज्जमा खान, उदयभान तिवारी ने भी संबोधित किया। इसमें जमील सिद्दीकी, कमाल अहमद, सुरेश पाण्डेय, अब्दुल लतीफ, बड़कू पाण्डेय, सूरज यादव, पप्पू पाण्डेय, लवकुश निषाद, सौरभ श्रीवास्तव, अजय चतुर्वेदी, यार मोहम्मद, शक्तिनाथ पाण्डेय, बबलू पाठक, मोहम्मद हारून, अभिषेक सिंह, एजाज शाह, देवेंद्र सिंह, रज्जन पाण्डेय, पारसनाथ विश्वकर्मा, रमापति पाण्डेय, सुशील तिवारी, दिनेश मिश्रा, सुनील यादव, लालजी पांडेय, अरुण यादव, चंद्रशेखर पाण्डेय, मो साबिर, राधेश्याम मिश्रा, संजय यादव सहित भारी संख्या में कार्यकर्ता और पदाधिकारी मौजूद रहे।

# सीएमओ पर बाहरी अभ्यर्थियों को प्राथमिकता देने का आरोप

## स्थानीय युवाओं ने विधायक को सौंपा ज्ञापन

दैनिक बुद्ध का संदेश

सिद्धार्थनगर। जनपद के कुछ युवाओं ने मुख्य चिकित्साधिकारी (सीएमओ) पर स्थानीय अभ्यर्थियों की उपेक्षा कर अन्य जनपदों के अभ्यर्थियों के चयन का आरोप लगाते हुए सदर विधायक श्यामधनी राही को ज्ञापन सौंपा है। युवाओं ने मामले की जांच कर स्थानीय अभ्यर्थियों को प्राथमिकता दिए जाने की मांग की है।सौंपे गए ज्ञापन में कहा गया है कि मुख्य चिकित्साधिकारी कार्यालय द्वारा राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम (आरबीएसके) के अंतर्गत आयुष चिकित्सक पुरुष, आयुष चिकित्सक महिला, जनरल एवं एएनएम पदों के लिए विज्ञापन जारी किया गया था। इसके क्रम में 1 जून 2026 को साक्षात्कार आयोजित किया गया, जिसमें सिद्धार्थनगर सहित अन्य जनपदों के लगभग 250 अभ्यर्थियों ने भाग लिया।ज्ञापन में आरोप लगाया गया है कि जनपद में बेरोजगारी की समस्या गंभीर होने के बावजूद स्थानीय अभ्यर्थियों के चयन के स्थान पर अन्य जनपदों के अभ्यर्थियों को भर्ती किए जाने की प्रक्रिया अपनाई जा रही है। इससे सिद्धार्थनगर के बेरोजगार युवाओं के साथ न्याय नहीं हो रहा है।अभ्यर्थियों ने विधायक से मांग की है कि जिलाधिकारी एवं मुख्य चिकित्साधिकारी को आवश्यक निर्देश दिए जाएं, ताकि भर्ती प्रक्रिया में जनपद सिद्धार्थनगर के योग्य अभ्यर्थियों को प्राथमिकता मिल सके और चयन प्रक्रिया में पारदर्शिता सुनिश्चित की जा सके।ज्ञापन सौंपने वाले युवाओं ने कहा कि यदि उनकी मांगों पर विचार नहीं किया गया तो वे आगे भी अपनी आवाज उठाने को बाध्य होंगे। हालांकि, इस संबंध में स्वास्थ्य विभाग की ओर से कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया सामने नहीं आई है।

# सम्पादकीय

**वह युद्ध समाप्ति की शुरुआत की खबर होनी चाहिए, क्योंकि ईरान युद्ध ने पूरी दुनिया की अर्थव्यवस्था हिला कर रख दी है। खाद्य और ऊर्जा के संकट इतने विकराल होते जा रहे हैं कि अकाल और भुखमरी की नौबत सामने दिखाई देने लगी है। विश्व में स्थायी शांति की जरूरत है। युद्धों से किसी भी समस्या का समाधान नहीं होता। समस्याओं को सुलझाने के लिए बेहतर तरीका बातचीत यानी संवाद ही है...**

## युद्ध खत्म होगा या नहीं?

युद्धविराम और समझौते की कथित बातचीत के बावजूद राष्ट्रपति ट्रंप ने हुंकार भरी है कि ईरान 21 दिन में खत्म हो जाएगा। वह सब कुछ तबाह कर देंगे। फिर ट्रंप युद्धविराम की नई परिभाषा देते हुए कहते हैं कि सीमित और संयमित गोलीबारी युद्धविराम ही है। कमोबेश बमबारी, मिसाइलों की बौछार और विनाशक हमले तो बंद हैं। अमरीकी राष्ट्रपति किन 21 दिनों की बात कर रहे हैं? 8 अप्रैल से तो कथित युद्धविराम है। अब शांति–समझौता करना चाहते हैं अथवा युद्ध आगे भी जारी रह सकता है? दूसरी तरफ ईरान के आईआरजीसी ने कुवैत और बहरीन के अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डों पर हमले कर तबाही मचा दी है। इन्हें अमरीकी सैन्य ठिकाने भी माना जाता है। कुवैत हवाई अड्डे का टर्मिनल–1 तो विनष्ट हो गया। वहां एक भारतीय (उज्जैन निवासी) मारा गया और 13 घायल हुए हैं। अन्य घायलों का आंकड़ा बहुत ज्यादा है। ईरान ने एक ही रात में चार देशों पर हमले कर अमरीकी पक्ष को थर्रा दिया है। ईरानी नौसेना ने ओमान खाड़ी में अमरीकी युद्धपोत पर हमला कर उसे क्षतिग्रस्त किया है। अमरीका के कान खड़े हो गए होंगे! युद्ध के सायरन बजने लगे हैं। लड़ाकू विमान आसमान में मंडराने, गरजने लगे हैं। राष्ट्रपति ट्रंप एक तरफ समझौते को लेकर उम्मीद जताते हैं, तो दूसरी तरफ तबाही की धमकियां देते हैं! यह युद्धविराम कैसा है अथवा ईरान युद्ध का दूसरा चरण शुरू हो चुका है? इसी बीच अमरीकी कांग्रेस (संसद) की प्रतिनिधि सभा ने प्रस्ताव पारित किया है कि ईरान के खिलाफ सैन्य अभियान रोका जाए और सैनिकों की वापसी शुरू की जाए। प्रस्ताव में यह निर्देश भी है कि यदि भविष्य में युद्ध की कार्रवाई अपरिहार्य हो, तो पहले कांग्रेस (संसद) की मंजूरी ली जाए। प्रस्ताव के पक्ष में 215 और उसके खिलाफ 208 वोट आए। राष्ट्रपति ट्रंप की रिपब्लिकन पार्टी के 4 सांसदों ने भी क्रॉस वोटिंग की और डेमोक्रेट्स का समर्थन किया। इससे पहले सीनेट में भी ट्रंप–समर्थक सांसदों ने उनके खिलाफ वोट दिए थे। संसद में पारित प्रस्ताव के जरिए राष्ट्रपति की निरंकुश युद्ध–शक्तियों को भी सीमित किया गया है। यह घटनाक्रम और परिदृश्य राष्ट्रपति ट्रंप के लिए राजनीतिक और संसदीय आघात से कम नहीं है। फिर भी राष्ट्रपति ट्रंप पारित प्रस्ताव को 'असंवैधानिक' करार देते हुए 'वीटो' कर सकते हैं, लेकिन वह राष्ट्रपति और संसद के बीच टकराव की नौबत से बचना चाहेंगे। यदि अमरीकी संसद राष्ट्रपति की 'वीटो' को बेअसर करना चाहेगी, तो 290 सांसदों को प्रस्ताव के पक्ष में वोट करना होगा। वह 'महाभियोग' सरीखी स्थिति ही होगी, लिहाजा हमें असंभव लगती है। बहरहाल 'वॉल स्ट्रीट जरनल' जैसे विख्यात अखबार ने यह खबर छापी है कि ईरान के संदर्भ में युद्धविराम कभी भी टूट सकता है! युद्धविराम है ही कहां? तब राष्ट्रपति ट्रंप सेनाओं को हमलों की इजाजत भी दे सकते हैं। ट्रंप बेहद असमंजस में हैं, क्योंकि उन्हें युद्ध खत्म करने का संसदीय आदेश मिला है, वह खुद भी युद्ध के बाहर आने को आतुर, व्याकुल हैं, लेकिन परिस्थितियां उनके खिलाफ हैं। अंतरराष्ट्रीय रेटिंग एजेंसी 'मूडीज' का नया आकलन है कि यदि एक सप्ताह में युद्ध नहीं रोका गया, तो उसके भयावह नतीजे होंगे। अमरीका में ही 'आर्थिक मंदी' फैल सकती है। युद्ध के कारण तेल–गैस की कीमतें 4–5 साल के उच्चतम स्तर पर पहुंच चुकी हैं, नतीजतन उत्पादन और परिवहन की लागत बढ़ गई है। मुद्रास्फीति का स्तर करीब 4.2 फीसदी तक बढ़ चुका है, जो अमरीका में अभूतपूर्व, अप्रत्याशित है। अमरीका ही नहीं, यूरोप में उर्वरक के दाम 70 फीसदी तक बढ़ चुके हैं। उससे भारत भी अछूता नहीं है, लिहाजा किसानों को सलाह दी जा रही है कि कम खाद का इस्तेमाल करें। भारत सरकार को खाद, उर्वरकों पर ही करीब 2 लाख करोड़ रुपए की सबसिडी देनी पड़ रही है। बताया जा रहा है कि शनिवार–रविवार को कोई बड़ी खबर सामने आ सकती है। वह युद्ध समाप्ति की शुरुआत की खबर होनी चाहिए, क्योंकि ईरान युद्ध ने पूरी दुनिया की अर्थव्यवस्था हिला कर रख दी है। खाद्य और ऊर्जा के संकट इतने विकराल होते जा रहे हैं कि अकाल और भुखमरी की नौबत सामने दिखाई देने लगी है।

## परोपकार ही जीवन है

विस्तार ही जीवन है और संकोच मृत्यु, प्रेम ही जीवन है और द्वेष ही मृत्यु। हमने उसी दिन से मरना शुरू कर दिया, जब से हम अन्य जातियों से घृणा करने लगे और मृत्यु बिना इसके किसी दूसरे उपाय से रुक नहीं सकती और हम फिर से विस्तार को अपनाएं, जो कि जीवन का चिन्ह है। अतएव हमें पृथ्वी की सभी जातियों से मिलना पड़ेगा और प्रत्येक हिंदू विदेश भ्रमण करने जाता है, उन सैकड़ों मनुष्यों से अपने देश को अधिक लाभ पहुंचाता है, जो केवल अंधविश्वासों एवं स्वार्थपरताओं की गठरी मात्र है और जिसके जीवन का एकमात्र उद्देश्य 'न खुद खाए, न दूसरे को खाने दें' कहावत के अनुसार न अपना हित करना है, न पराए का। पाश्चात्य राष्ट्रों ने राष्ट्रीय जीवन के जो आश्चर्यजनक प्रसाद बनाए हैं, वे चरित्ररूपी सुदृढ़ स्तंभों पर खड़े हैं और जब तक हम अधिक से अधिक संख्या में वैसे चरित्र न गढ़ सकें, तब तक हमारे लिए किसी शक्ति विशेष के विरुद्ध अपना असंतोष प्रकट करते रहना निरर्थक है। क्या वे लोक स्वाधीनता पाने योग्य हैं, जो दूसरों को स्वाधीनता देने के लिए प्रस्तुत नहीं। व्यर्थ का असंतोष जताते हुए शक्तिक्षय करने के बदले हम चुपचाप वीरता के साथ काम करते चले जाएं। मेरा तो पूर्ण विश्वास है कि संसार की कोई भी शक्ति किसी से वस्तु अलग नहीं रख सकती, जिसके लिए वह वास्तव में योग्य हो। अतीत तो हमारा गौरवमय था ही, पर मुझे हार्दिक विश्वास है कि भविष्य और भी गौरवमय होगा। जीवन का अर्थ ही वृद्धि अर्थात विस्तार यानी प्रेम है, इसलिए प्रेम ही जीवन है, यही जीवन का एकमात्र नियम है और स्वार्थपरता ही मृत्यु है। इहलोक एवं परलोक में यही बात सत्य है। परोपकार ही जीवन है, परोपकार न करना ही मृत्यु है। जितने परपशु तुम देखते हो, उनमें नब्बे प्रतिशत मृत हैं, वे प्रेम हैं, क्योंकि मेरे बच्चो जिसमें प्रेम नहीं है, वह जी भी नहीं सकता। मेरे बच्चो, सबके लिए तुम्हारे दिल में दर्द हो, गरीब, मूर्ख एवं पददि्लत मनुष्यों के दुरूख को तुम महसूस करो, तब तक महसूस करों, जब तक तुम्हारे हृदय की धडकन न रुक जाए, मस्तिष्क चकराने न लगे और तुम्हें ऐसा प्रतीत होने लगे कि तुम पागल हो जाओगे। ईश्वर के चरणों में अपना दिल खोलकर रख दो और तब तुम्हें शक्ति, सहायता और अदम्य उत्साह की प्राप्ति होगी। गत दस वर्षों से मैं अपना मूलमंत्र घोषित करता आया हूं। संघर्ष करते रहो और अब भी मैं कहता हूं कि अविराम संघर्ष करते चलो। जब चारों ओर अंधकार ही अंधकार दिखता था, तब मैं कहता था, संघर्ष करते चलो, डरो मत मेरे बच्चो। अनंत नक्षत्रखचित आकाश की ओर भयभीत दृष्टि से ऐसे मत ताको, जैसे कि वह हमें कुचल ही डालेगा। धीरज धरो, देखोगे कि कुछ ही घंटों में यह सबका सब तुम्हारे पैरों तले आ गया है। धीरज धरो, न धन से काम होता है, न नाम से, न यश काम आता है, न विद्या, प्रेम ही से सब कुछ होता है। चरित्र ही कठिनाइयों की संगीन दीवारें तोडकर अपना रास्ता बना सकता है। अब हमारे सामने समस्या यह है कि स्वाधीनता के बिना किसी प्रकार की उन्नति संभव नहीं है। हमारे पूर्वजों ने धार्मिक विचारों में स्वाधीनता दी थी और उसी से हमें एक आश्चर्यजनक धर्म मिला है। पर उन्होंने समाज के पैर बड़ी–बड़ी जंजीरों से जकड़ दिए और इसके फलस्वरूप हमारा समाज, एक शब्द में, भयंकर और पैशाचिक हो गया है।

## लापरवाही के हादसे, बेपरवाह सरकार

**ताकि उन्हें गिरने से चोटें न आएं। जिस दुकान से गद्दे निकाले गए, उसके मालिक अरमान ने अपने नुकसान की रत्ती भर भी परवाह नहीं की और लाखों के गद्दे लोगों की जान बचाने के लिए निकाल दिए। कई लोगों का दम धुएं के कारण घुट रहा था तो अस्पताल से प्रशिक्षित वसीम राजा और उनके साथियों ने मुंह से सांस देकर उन्हें बचाया। याद पड़ता है कि गुजरात में जब मोरबी पुल का हादसा हुआ था, तब भी कई...**

बुधवार को दिल्ली के हौजरानी इलाके में एक पांच मंजिला इमारत में आग लगने से कम से कम 21 लोगों की मौत हो गई, जिसमें 11 विदेशी नागरिक थे। इस भयावह घटना के वीडियो सोशल मीडिया पर खूब तैर रहे हैं, जिसमें कहीं ऊपरी मंजिलों से लोग कूद कर जान बचा रहे हैं, तो कहीं छत पर खड़े होकर मदद की गुहार लगा रहे हैं। आग और धुएं के गुबार के बीच फिर से भ्रष्टाचार की चर्चाएं शुरु हो चुकी हैं कि इस पूरे इलाके में नियमों को ताक पर रखकर ऐसी कई इमारतें बनी हुई हैं। जहां पांच–छह कमरे बने होने चाहिए थे, वहां 25 कमरे बना दिए गए और आग से बचाव का कोई इंतजाम नहीं है। इस खबर को बीते कुछ घंटे नहीं हुए थे कि बिहार के मुजफ्फरपुर से ऐसी ही खबर आई। वहां एक अस्पताल के आईसीयू में आग लग गई, जिसमें कम से कम पांच लोगों के मरने की खबर है और 20 घायल हैं। हालांकि मौत के सही आंकड़े पता चलेंगे या नहीं, कहा नहीं जा सकता। क्योंकि अभी से खबर पर लीपापोती की शुरुआत हो चुकी है। सम्राट चौधरी सरकार में पहली बार राजनीति में आकर सीधे स्वास्थ्य मंत्री का पद संभालने वाले निशांत कुमार से इस बारे में जब पत्रकारों ने सवाल किए तो वे बिना कुछ बोले निकल गए। उन पर अब सवाल उठ रहे हैं तो उन के पक्ष में जदयू प्रवक्ता नीरज कुमार ने कहा कि सुबह 3रू00 बजे की यह घटना है और सुबह की फ्लाइट से मंत्री जा रहे थे। ऐसा नहीं है कि घटना की जानकारी मंत्री को नहीं थी। तभी तो स्वास्थ्य विभाग एक्शन में है। मेरा मानना है कि एक्शन पर



लोगों को फोकस करना चाहिए ना कि बयान पर। ऐसे बयान जाहिर करते हैं कि आम लोगों की जान की कीमत सरकार की नजर में कितनी सस्ती है। इतने मासूम अकाल मौत मारे गए और बजाए जिम्मेदारी लेने के स्वास्थ्य मंत्री को बचाने की कोशिशें हो रही हैं। पाठक ध्यान दें कि बुधवार को भाजपा के आधिकारिक एक्स हैंडल से एक वीडियो जारी किया गया, जिसमें पटना की साफ–सुथरी चिकनी सड़क और चमचमाता पुल दिखाया गया। इसे बिहार का विकास कहा जा रहा है। भाजपा नेता रविशंकर प्रसाद ने भी इसे रिपोस्ट किया। लेकिन कांग्रेस ने बताया कि ये एआई जनरेटेड वीडियो है। सच्चाई खुलने के बाद भाजपा के सोशल मीडिया प्लेटफार्म से तो इसे शायद हटा लिया गया है, लेकिन भाजपा बिहार के प्लेटफार्म पर यह आभासी वीडियो अब भी चल रहा है। भाजपा के सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर देश का विकास दिखाने वाले कई संदेश एआई जनरेटेड वीडियो के साथ ही दिए जाते हैं। इसका यही मतलब है कि असली विकास दिखाने को नहीं है तो कम्प्यूटर की मदद से बनाई गई तस्वीरों में विकास दिखाया जाए। मान लें कि जनता के सामने अपनी छवि चमकाने के लिए ऐसा करना जरूरी है, तो क्या यह बात भी उतनी ही जरूरी नहीं है कि जनता को सच की तस्वीर भी दिखाई जाए या जनता का वास्ता जिन कड़वे सत्यों से रोज होता है, कम से कम उन पर भाजपा दो शब्द तो संवेदना के कह दे। चमकते–दमकते पुल की नकली तस्वीर दिखाने वाली भाजपा क्या अवैध निर्माण या बिना सुरक्षा मानकों के खड़ी की गई इमारतों की तस्वीर भी कभी दिखाएगी। क्यों भाजपा के बुलडोजर गरीबों और मुसलमानों के ठिकानों तक आसानी से पहुंच जाते हैं, लेकिन अवैध निर्माण कर करोड़ों की उगाही करने वाले लोगों तक नहीं पहुंचते। अभी पिछले साल दिसंबर में गोवा के नाइटक्लब में ऐसी ही भीषण आग लगी थी, जिसमें 25 लोगों की मौत हो गई थी। इसके संचालक पहले तो आसानी से देश से भाग गए, लेकिन फिर सरकार पर दबाव पड़ा तो इन्हें थाईलैंड से गिरफ्तार कर लाया गया। मगर अब क्या कार्रवाई हो रही है, उन्हें कितनी सजा मिलेगी, इसकी कोई खबर नहीं है। दरअसल भाजपा बहुत अच्छे से ये बात जानती है कि समाज को हिंदू–मुसलमान के अनावश्यक मुद्दे में उलझाकर रखना आसान है। लोग इसी बात पर खुश हो जाएंगे कि अहमदनगर का नाम श्अहिल्यानगरश्, फैजाबाद का नाम अयोध्या या बरकतुल्लाह विश्वविद्यालय का नाम श्वागदेवी भोजपाल विश्वविद्यालयश् कर दिया गया है। नाम बदलने से शहर, स्टेशन, शिक्षण संस्थान किसी के भी हालात नहीं बदलेंगे, ये लोग भी अच्छे से जानते हैं। मगर एक सुकून उन्हें मिलता है कि मुसलमानों के नाम की जगह हिंदू नामों को भाजपा प्राथमिकता दे रही है। भाजपा ने उन्हें यही भरोसा भी दिलाया है कि कुछ बचे न बचे हिंदू धर्म तो वो बचा ही लेगी। बस इसी तरह धर्म की रक्षा सरकार कर रही है, बाकी अपनी रक्षा लोग अपने आप कर लें। वैसे दिल्ली हादसे में तो यही दिखा है कि फायर बिग्रेड और बचाव दल के आने से पहले मुसलमानों ने ही कई जानें बचाई हैं। जब लोग पांच मंजिला इमारत में लगी आग से बचने के लिए ऊपर से कूदने लगे तो मोहम्मद अफजल, वसीम राजा, रियाजुद्दीन मंसूरी और अरमान मंसूरी जैसे लोगों ने ही प्रत्युत्पन्नमति दिखाते हुए पास की दुकान से गद्दे और चादरें लाकर नीचे बिछाईं

## बंगाल में भाजपा का महाराष्ट्र मॉडल

**अधीर रंजन चौधरी की तरह ही कई और जानकारों का मानना है कि भाजपा दबाव के लिए जांच एजेंसियों को आगे करती है और विरोधी दलों में ऐसे ही फूट पड़वाती है। हालांकि टीएमसी तोड़ने वाले विधायक भाजपा में सीधे तौर पर शामिल न होकर नयी पार्टी बना रहे हैं, तो उसके पीछे मुस्लिम वोट बैंक को साथ रखने की मंशा है। भाजपा जानती है कि अभी मुस्लिमों के वोट उसे नहीं मिलेंगे, इसलिए ...**

पश्चिम बंगाल की सियासत में घमासान खत्म होने का नाम ही नहीं ले रहा है। 4 मई को आए विधानसभा चुनाव के नतीजों ने जब बिसात पलट दी और ममता बनर्जी को हरा कर भाजपा पहली बार सत्ता में आई, तो उसके बाद कायदे से नयी सरकार की प्राथमिकताओं और घोषणापत्र पर अमल की शुरुआत पर चर्चा होनी चाहिए थी। भाजपा ने बार–बार बंगाल में सकारात्मक बदलाव लाने का दावा किया था, तो वह दावा सतह पर दिखना भी चाहिए थे। लेकिन इसकी जगह कभी राजनैतिक विरोधियों के साथ हिंसा, कभी मुसलमानों के लिए फरमान, कभी बुलडोजर कार्रवाई की खबरें आईं या फिर तृणमूल कांग्रेस किस तरह विरोध प्रदर्शन कर रही है, उसकी खबरें आईं। इस बीच अब एक और ऐसा घटनाक्रम चल रहा है, जो नया नहीं है, लेकिन चौंकाता जरूरी है कि आखिर कब तक सत्ता पर बने रहने के लिए यही दांव–पेंच एक राज्य से दूसरे राज्य में खेले जाते रहेंगे। दरअसल प. बंगाल में अब तक भाजपा बनाम टीएमसी की लड़ाई चल रही थी। लेकिन अब टीएमसी बनाम टीएमसी की लड़ाई छिड़ गई है। महज 80 सीटों पर सिमटने वाली टीएमसी अब दो फाड़ होने की कगार पर आ गई है। इन पंक्तियों के लिखे जाने तक खबर है कि विधानसभा अध्यक्ष रथीन बोस को टीएमसी के 58 विधायकों के हस्ताक्षरों वाला एक पत्र सौंपा गया है, जिसमें नेता प्रतिपक्ष के तौर पर



ऋतब्रत बंद्योपाध्याय के नाम का प्रस्ताव किया गया है। अध्यक्ष ने इस पत्र को स्वीकार कर लिया है।

पाठक जानते हैं कि प.बंगाल विधानसभा में बीते दिनों जाली हस्ताक्षर कांड के आरोप टीएमसी पर लगे, जिसकी अब सीआईडी जांच हो रही है। खुद मुख्यमंत्री सुवेन्दु अधिकारी ने बताया था कि टीएमसी के दो विधायकों ऋतब्रत बनर्जी और संदीपन साहा ने शिकायत की थी कि विधानसभा में पार्टी विधायक दल का नेता शोभनदेव चट्टोपाध्याय को चुनने के लिए जो बैठक हुई थी उसमें पारित प्रस्ताव पर कथित तौर पर उन विधायकों के भी हस्ताक्षर थे जो उस बैठक में हाजिर ही नहीं थे। मुख्यमंत्री के इस बयान के 15 मिनट बाद ही दोनों विधायकों को पार्टी से बाहर करने का फैसला सुना दिया गया था। इसके एक दिन बाद ही तृणमूल कांग्रेस के प्रवक्ता रहे रिजू दत्त ने पत्रकारों से बातचीत में दावा किया था कि उन लोगों के पास 50 विधायकों का समर्थन है और वही असली तृणमूल कांग्रेस हैं। बगावत की चिंगारी शांत करने के लिए ममता बनर्जी ने अपने घर पर बैठक बुलाई तो उसमें केवल 20 विधायक ही पहुंचे, जिसके बाद बैठक रद्द करनी पड़ी। अभी मंगलवार को ममता बनर्जी ने कोलकाता में राशोमनी एवेन्यू पर जो धरना–प्रदर्शन किया, उसमें भी भीड़ तो बहुत जुटी, लेकिन पार्टी के विधायक नदारद रहे, हालांकि अभिषेक बनर्जी, कल्याण बनर्जी जैसे कुछ दिग्गज पहुंचे हुए थे। ये सारा घटनाक्रम बता रहा है कि अब टीएमसी एकजुट नहीं है। टीएमसी के भीतर बगावत के सुर इतने तेज हो गए हैं कि सवाल उठने लगा है कि क्या ममता बनर्जी की टीएमसी भी उसी रास्ते पर जा रही है, जिस पर कभी बंगाल में कांग्रेस और लेफ्ट पार्टी गई थीं। गौरतलब है कि 1970 के दशक तक बंगाल में कांग्रेस का वर्चस्व था, लेकिन इंदिरा गांधी और सिद्धार्थ शंकर राय के बीच की खींचतान और बाद में कांग्रेसी नेताओं का बार–बार टूटकर तृणमूल या वाम दलों में जाना, पार्टी को हाशिए पर ले गया। फिर 2011 में 34 साल बाद सत्ता से बाहर हुए वाम मोर्चे से बड़ी संख्या में नेता और कार्यकर्ता टूटकर टीएमसी में चले गए। खुद ममता बनर्जी ने 1998 में कांग्रेस से अलग होकर तृणमूल कांग्रेस बनाई थी और अपनी आक्रामक छवि के सहारे सत्ता तक पहुंची थीं। अब टीएमसी में फूट बंगाल के इतिहास को दोहराते हुए ही नजर आ रही है। प्रत्यक्ष तौर पर तो टीएमसी का सत्ता से बाहर होना ही इस टूट का प्रमुख कारण दिख रहा है। लेकिन जानकार इसे भाजपा का महाराष्ट्र मॉडल पर चलना बता रहे हैं। शिवसेना में एकनाथ शिंदे के बूते कई विधायकों को साथ लेकर भाजपा ने नयी शिवसेना बनवाई और बाद में चुनाव आयोग ने शिवसेना का नाम और निशान भी शिंदे के ही सुपुर्द किया। उद्धव ठाकरे की सरकार एकनाथ शिंदे को साथ लेकर जिस तरह भाजपा ने गिराई थी, उसे सुप्रीम कोर्ट ने भी गलत माना था, लेकिन फिर भी शिंदे मुख्यमंत्री बने रहे और भाजपा सरकार का हिस्सा बनी रही। फिर राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एनसीपी) को साथ भी यही काम भाजपा ने किया। अजित पवार ने अलग एनसीपी बना ली और शरद पवार को ही बाहर किया गया। एनसीपी का नाम और निशान अजित पवार गुट को ही मिला। बिल्कुल इसी तर्ज पर अब टीएमसी और न्यू टीएमसी दो दल बनाए जा सकते हैं। देखना यही होगा कि क्या ममता बनर्जी के खाते में नाम और निशान आते हैं या नहीं। इस खेल में प्रत्यक्ष तौर पर भाजपा नहीं दिख रही है, लेकिन यह महज संयोग नहीं है कि उसके सत्ता में आते ही विपक्षी दल में फूट पड़ गई है। कांग्रेस नेता अधीर रंजन चौधरी ने कहा कि बागी विधायक डर के मारे सीधे तौर पर भाजपा के सामने झुक रहे हैं। आज टीएमसी के जो चुने हुए प्रतिनिधि एक नई पार्टी बनाने की कोशिश कर रहे हैं। उन सभी पर किसी न किसी तरह के भ्रष्टाचार के आरोप हैं, क्योंकि भाजपा के पास पहले से ही ईडी और सीबीआई थीं। अब सीआईडी और बंगाल पुलिस भी उनके साथ हो गई हैं। टीएमसी के ये विधायक बस खुद को बचाना चाहते हैं। इन विधायकों को खुद को बचाने का एक रास्ता मिल जाएगा और भाजपा को सदन में बिना किसी रुकावट के कुछ भी करने की पूरी आजादी मिल जाएगी।



# टीम इंडिया में 15 साल के वैभव सूर्यवंशी की एंट्री, गावस्कर बोले–संजू को बाहर करो

भारतीय क्रिकेट के दिग्गज बल्लेबाज सुनील गावस्कर ने 15 साल के युवा बल्लेबाज वैभव सूर्यवंशी का खुलकर समर्थन किया है। गावस्कर ने भारतीय टीम मैनेजमेंट से अपील की है कि आने वाले आयरलैंड दौरे पर होने वाली दो मैचों की टी20 सीरीज में इस युवा खिलाड़ी को इंटरनेशनल क्रिकेट में डेब्यू करने का मौका दिया जाए। गावस्कर चाहते हैं कि टीम के हेड कोच गौतम गंभीर ओपनिंग बल्लेबाज संजू सैमसन और अभिषेक शर्मा को एक–एक मैच में आराम दें, ताकि सूर्यवंशी को प्लेइंग इलेवन में जगह मिल सके।



टीम इंडिया में शामिल होने वाले सबसे युवा खिलाड़ी

शनिवार को टीम इंडिया का एलान होने के साथ ही वैभव सूर्यवंशी ने इतिहास रच दिया है। वह सीनियर नेशनल टीम में जगह बनाने वाले भारत के सबसे युवा खिलाड़ी बन गए हैं। सूर्यवंशी को यह इनाम आईपीएल 2026 में उनके कमाल के प्रदर्शन के लिए मिला है। इस सीजन में उन्होंने करीब 237 के तूफानी स्ट्राइक रेट से सबसे ज्यादा 776 रन बनाए थे और श्मोस्ट वैल्यूएबल प्लेयर का अवॉर्ड जीता था। गावस्कर का मानना है कि इस जादुई खेल के बाद सेलेक्टर्स के पास उन्हें टीम में शामिल करने के अलावा कोई और रास्ता नहीं था। गावस्कर ने कहा, ष्इस सिलेक्शन की तो पूरी उम्मीद थी। आप खुद उनकी फॉर्म और उनके बनाए रनों को देखिए। आईपीएल में ऐसे धमाकेदार प्रदर्शन के बाद कोई उन्हें टीम से बाहर कैसे रख सकता है? अच्छे खेल का इनाम तो मिलना ही चाहिए और चयनकर्ताओं ने बिल्कुल यही किया है।ष

संजू या अभिषेक को आराम देने की सलाहः गावस्कर के मुताबिक, आयरलैंड के खिलाफ होने वाली यह छोटी टी20 सीरीज इस युवा टैलेंट को इंटरनेशनल लेवल पर परखने का सबसे सही मौका है। सूर्यवंशी को प्लेइंग इलेवन में शामिल करने की वकालत करते हुए पूर्व कप्तान ने कोच और कप्तान को रोटेशन पॉलिसी अपनाने की सलाह दी है। उन्होंने आगे कहा, ष्मैं तो उन्हें आयरलैंड सीरीज में जरूर खिलाऊंगा और बल्लेबाजी करते देखना चाहूंगा। उन्हें संजू सैमसन या अभिषेक शर्मा की जगह आजमाया जा सकता है। जैसे– एक मैच में अभिषेक शर्मा को आराम दे दिया जाए और दूसरे मैच में संजू सैमसन को रेस्ट देकर सूर्यवंशी को ओपनिंग करने का मौका मिले।ष

# भारतीय महिला फुटबॉल टीम ने रचा इतिहास, छठी बार बनीं SAFF Champions

भारतीय महिला फुटबॉल टीम ने कमाल कर दिया है। गोवा के मडगांव में खेले गए SAFF महिला चौंपियनशिप 2026 के रोमांचक फाइनल मैच में भारत ने मौजूदा चौंपियन बांग्लादेश को 3–1 से हरा दिया। इस ऐतिहासिक जीत के साथ ही भारतीय टीम ने रिकॉर्ड छठी बार यह खिताब अपने नाम किया है। ब्लू टाइग्रेस के नाम से मशहूर हमारी महिला टीम पूरे 7 साल बाद इस प्रतिष्ठित ट्रॉफी को वापस देश लेकर आई है।




पहले हाफ में रहा कांटे का मुकाबला

फाइनल मुकाबले की शुरुआत से ही दोनों टीमों के बीच जबरदस्त टक्कर देखने को मिली। मैच के पहले हाफ में भारत की प्यारी जाक्सा ने एक बेहतरीन गोल करके टीम को बढ़त दिला दी। हालांकि, भारतीय टीम की यह खुशी ज्यादा देर नहीं टिकी और बांग्लादेश की रितु पोर्ना चकमा ने एक गोल दागकर स्कोर 1–1 से बराबर कर दिया। हाफ–टाइम तक दोनों टीमें बराबरी पर थीं और मुकाबला बेहद रोमांचक मोड़ पर था।

दूसरे हाफ में भारत ने की मैच पर पकड़

हाफ–टाइम के बाद जब खेल दोबारा शुरू हुआ, तो भारतीय टीम पूरी तरह हावी नजर आई। दूसरे हाफ में भारत की संफिदा ने एक शानदार गोल करके टीम को एक बार फिर आगे कर दिया। इसके कुछ ही देर बाद लिंडा कॉम ने भारत की तरफ से तीसरा गोल दागकर बांग्लादेश की वापसी के सारे रास्ते बंद कर दिए और भारत की जीत पक्की कर दी। इस तीसरे गोल के बाद बांग्लादेशी टीम दबाव में आ गई और मैच खत्म होने तक वापसी नहीं कर सकी।

केंद्रीय मंत्री ने दी बधाई

भारतीय टीम की इस शानदार और यादगार जीत के बाद सोशल मीडिया पर भी जश्न का माहौल है। खेल मंत्री मनसुख मंडाविया ने इस ऐतिहासिक जीत के जश्न का एक वीडियो शेयर किया। उन्होंने टीम को बधाई देते हुए लिखा, ष्भारतीय फुटबॉल के लिए यह बेहद गर्व का पल है! SAFF महिला चौंपियनशिप 2026 की ट्रॉफी जीतने पर हमारी श्ब्लू टाइग्रेसश को बहुत–बहुत बधाई।

# ओहायो उत्सव में गोलियों की तड़तड़ाहट से जश्न बना मातम, Gun Violence में 12 लोग बुरी तरह घायल

अमेरिका में ओहायो के टोलेडो शहर से एक बड़ी खबर आ रही है। यहां चल रहे एक कम्युनिटी फेस्टिवल के पास अचानक हुई गोलीबारी में कम से कम 12 लोग घायल हो गए हैं। पुलिस ने बताया कि इस घटना के बाद वहां मौजूद भीड़ में भगदड़ और अफरा–तफरी मच गई। फिलहाल पुलिस हमलावरों की सरगर्मी से तलाश कर रही है।



टोलेडो के डिप्टी पुलिस चीफ जो हेफरनन ने बताया कि घायलों में से दो लोगों की हालत काफी गंभीर बनी हुई है। शुरुआती जांच में ऐसा लग रहा है कि कम से कम दो लोग हथियार चला रहे थे और वे दोनों संभवतः एक–दूसरे पर ही गोलियां बरसा रहे थे।

गवर्नर ने जताई गहरी चिंता

टोलेडो पुलिस विभाग के अनुसार, यह घटना श्ओल्ड वेस्ट एंड फेस्टिवलश के पास हुई। यह शहर के एक ऐतिहासिक इलाके में हर साल होने वाला एक बड़ा प्रोग्राम है, जिसमें लाइव म्यूजिक और होम टूर जैसे कई आयोजन होते हैं।

इस घटना पर ओहायो के गवर्नर माइक डेवाइन ने गहरा दुख जताया है। उन्होंने अपने बयान में कहा, ष्आज रात टोलेडो की स्थिति को लेकर मैं बहुत चिंतित हूं। गर्मियों के ये त्योहार परिवारों के लिए सुरक्षित जगह होने चाहिए, जहां लोग बिना किसी डर के एंजॉय कर सकें, न कि हिंसा का शिकार हों।ष सोशल मीडिया पर भी इस घटना के कई वीडियो सामने आए हैं, जिनमें लोग गोलियों की आवाज सुनकर जान बचाकर भागते दिख रहे हैं।

अब तक साफ नहीं हुई गोलीबारी की वजह

पुलिस ने अभी तक गोलीबारी की वजहों का खुलासा नहीं किया है। कई घायलों को इलाज के लिए पास के मेडिकल सेंटर्स में भर्ती कराया गया है। घटना के वक्त वहां मौजूद केविन बेरी नाम के एक शख्स ने बताया कि वह अपने दोस्तों के साथ पार्क में बैठकर लाइव म्यूजिक सुन रहे थे, तभी अचानक गोलियों की तड़तड़ाहट गूंज उठी।

चश्मदीदों ने बयां किया आंखों देखा हाल

केविन के मुताबिक, आवाज सुनते ही सब लोग जमीन पर लेट गए। जब उन्होंने उठकर देखा, तो उनसे करीब 50 फीट की दूरी पर एक बंदूक जमीन पर गिरी हुई थी। फेस्टिवल की सुरक्षा में तैनात पुलिस अधिकारी तुरंत मौके पर पहुंचे। अमेरिकी नौसेना में रह चुके केविन ने मेडिकल ट्रेनिंग ली हुई थी, इसलिए उन्होंने तुरंत आगे बढ़कर पीड़ितों की मदद की। उन्होंने अपनी आंखों से कम से कम पांच लोगों को गोली से जख्मी हालत में पार्क के आसपास बिखरे देखा।

क्या है श्ओल्ड वेस्ट एंड फेस्टिवलश?

टोलेडो के ऐतिहासिक इलाके में होने वाला यह दो दिनों का एक बेहद लोकप्रिय उत्सव है। इसमें लाइव म्यूजिक के साथ–साथ खाने–पीने के स्टॉल्स, शॉपिंग और पुराने घरों के टूर शामिल होते हैं। स्थानीय लोगों के मुताबिक, इस फेस्टिवल को टोलेडो में गर्मियों के त्योहारी सीजन की शुरुआत माना जाता है, लेकिन इस बार की शुरुआत इस दर्दनाक हादसे के साथ हुई है।

# बेटे की मेहनत रंग लाई, टीम इंडिया में वैभव सूर्यवंशी के चयन पर भावुक हुआ परिवार

बिहार के 15 वर्षीय प्रतिभाशाली बल्लेबाज वैभव सूर्यवंशी के आयरलैंड और इंग्लैंड के खिलाफ होने वाली श्रृंखला के लिए भारतीय टी20 टीम में चयन पर उनके परिवार ने खुशी व्यक्त करते हुए कहा कि उनकी मेहनत अब रंग ला रही है। सूर्यवंशी को शनिवार को भारतीय टीम में चुना गया।




वह 15 साल और 71 दिन की उम्र में भारतीय टीम में स्थान बनाने वाले सबसे कम उम्र के खिलाड़ी बन गए हैं। अगर उन्हें खेलने का मौका मिलता है तो वह भारत की तरफ से सबसे कम उम्र में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट खेलने का सचिन तेंदुलकर रिकॉर्ड तोड़ देंगे।

समस्तीपुर जिले के ताजपुर के रहने वाले सूर्यवंशी उस भारतीय टीम का हिस्सा होंगे जो दो टी20 अंतरराष्ट्रीय मैचों (26 जून और 28 जून) के लिए आयरलैंड का दौरा करेगी। इसके बाद यह टीम एक से 11 जुलाई के बीच इंग्लैंड के खिलाफ पांच मैचों की टी20 अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला खेलेगी। वैभव के पिता संजीव सूर्यवंशी ने पत्रकारों से कहा, ''बचपन से ही उसने जो कड़ी मेहनत की है, उसका फल अब मिल रहा है।


देश के लिए खेलने का मौका मिलना बहुत बड़ी उपलब्धि है। मेरी इच्छा आज पूरी हो गई।'' उन्होंने अपने बेटे पर भरोसा जताने के लिए चयनकर्ताओं का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इस युवा क्रिकेटर को ''अब बस उस भरोसे पर खरा उतरने की जरूरत है।'' वैभव की दादी उषा सिंह ने कहा, ''यह हमारे लिए बेहद खुशी की बात है कि मेरा पोता भारत की सीनियर टीम की तरफ से खेलने की उपलब्धि हासिल करने वाला है।''

वैभव के चाचा राजीव सूर्यवंशी ने कहा कि उनके चयन से पूरे देश में खुशी और उत्साह का माहौल बन गया है। उन्होंने कहा, ''हम इससे अधिक की क्या उम्मीद कर सकते थे। मैं चयनकर्ताओं के प्रति आभार व्यक्त करता हूं और वैभव को इस ऐतिहासिक उपलब्धि के लिए बधाई देता हूं।'' सूर्यवंशी का टीम में शामिल होना लगभग तय था, क्योंकि उन्होंने आईपीएल 2026 में राजस्थान रॉयल्स के लिए खेलते हुए 237. 30 के स्ट्राइक रेट से 776 रन बनाए थे, जिसमें एक शतक और पांच अर्धशतक शामिल थे।

# नेपाल के विदेश मंत्री शिशिर खनाल ने दोस्ती का हाथ बढ़ाया पर कालापानी और लिपुलेख पर चेताया भी

भारत के तीन दिवसीय आधिकारिक दौरे पर आए नेपाल के विदेश मंत्री शिशिर खनाल ने रविवार को नई दिल्ली में एक बेहद महत्वपूर्ण बयान दिया है। उन्होंने साफ कहा कि नेपाल, भारत के साथ अपने सीमा विवाद को केवल कूटनीतिक बातचीत के जरिए ही हल करना चाहता है। खनाल ने जोर देकर कहा कि अगर दोनों देश खुले दिल से चर्चा की मेज पर बैठें, तो कोई भी ऐसी चुनौती नहीं है जिसे हल न किया जा सके।

नेपाल के शीर्ष राजनयिक ने यह भी साफ किया कि काठमांडू की नई सरकार भारत को किसी संकीर्ण या अति–संवेदनशील नजरिए से नहीं देखती। इसके बजाय, उनका मकसद एक ऐसी साझेदारी को आगे बढ़ाना है जो दोनों देशों की तरक्की और समृद्धि के लिए फायदेमंद साबित हो।




कालापानी और लिपुलेख पर जताई चिंता

पत्रकारों के एक सवाल का जवाब देते हुए नेपाल के विदेश मंत्री शिशिर खनाल ने कहा, ष्कैलाश मानसरोवर यात्रा कई अलग–अलग सीमा रास्तों से होकर गुजरती है, और बहुत से लोग नेपाल के रास्ते यात्रा करते हैं। हमारी चिंता भारत और चीन के बीच कालापानी और लिपुलेख क्षेत्र को लेकर हुए समझौते के रिन्यूअल को लेकर है। हम बहुत लंबे समय से कह रहे हैं कि यह जमीन हमारी है और नेपाल की मर्जी के बिना दोनों देश आपस में ऐसा कोई समझौता नहीं कर सकते। हमने दोनों देशों को डिप्लोमैटिक लेटर भेजकर अपनी यह बात साफ तौर पर कह दी है।ष

एस जयशंकर से मुलाकात के बाद की बात

नेपाल के विदेश मंत्री शुक्रवार को भारत पहुंचे थे। शनिवार को उन्होंने भारत के विदेश मंत्री एस जयशंकर के साथ कई अहम मुद्दों पर बेहद सकारात्मक बातचीत की। इसके अगले दिन रविवार को उन्होंने मीडिया से बात की।

उनका यह दौरा ऐसे समय में हो रहा है जब हाल ही में नेपाल के प्रधानमंत्री बालेंद्र शाह द्वारा सीमा विवाद को लेकर दिए गए बयानों की वजह से दोनों देशों के बीच थोड़ी राजनीतिक सरगर्मी बढ़ गई थी। इस माहौल के बीच शिशिर खनाल का यह दौरा और बयान दोनों देशों के रिश्तों को एक नई और सकारात्मक दिशा देने वाला माना जा रहा है।

भारत की तरक्की के कायल हुए खनालः खनाल ने कहा, ष्हम भारत की तरफ बिल्कुल साफ नजर और पारदर्शी एजेंडे के साथ देख रहे हैं, और हमारा इकलौता एजेंडा नेपाल का आर्थिक विकास है। किसी भी मुद्दे पर उग्र–राष्ट्रवाद की बयानबाजी करने के बजाय, हम एक शांतिपूर्ण और डेटा–आधारित रास्ता अपना रहे हैं।ष

इसके साथ ही नेपाल के विदेश मंत्री ने भारत की ग्लोबल प्रोग्रेस और आर्थिक विकास की जमकर तारीफ की। उन्होंने कहा कि आज का भारत दुनिया के मंच पर एक हाई–टेक और आर्थिक महाशक्ति बनकर उभरा है। नेपाल भारत की इस विकास यात्रा और आधुनिक टेक्नोलॉजी के साथ कदम से कदम मिलाकर चलना चाहता है। उन्होंने उम्मीद जताई कि एक उभरता हुआ भारत और आगे बढ़ने की चाह रखने वाला नेपाल मिलकर दोनों देशों के भविष्य को और बेहतर बनाएंगे।

# स्कूटी में पेट्रोल डालते आग, दो युवतियां झुलसीं

जौनपुर। थाना लाइन बाजार क्षेत्र के रामदयालगंज में सुबह एक दर्दनाक हादसा हो गया। स्कूटी में पेट्रोल डालते समय अचानक आग लगने से दो युवतियां गंभीर रूप से झुलस गईं। दोनों को उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है।बताते है कि 27 वर्षीय फरीन पुत्री वसीम निवासी सरोखनपुर, बदलापुर तथा उसकी 24 वर्षीय सीता पुत्री राजेश चौहान निवासी रामदयालगंज, थाना लाइन बाजार सहेली हैं। फरीन मुंगराबादशाहपुर स्थित एक निजी अस्पताल में नर्स के पद पर कार्यरत है और छुट्टी के दौरान अपनी सहेली सीता से मिलने उसके घर आई थी।. सुबह फरीन अपनी ड्यूटी पर लौटने के लिए स्कूटी से निकलने वाली थी। इसी दौरान स्कूटी का पेट्रोल समाप्त हो गया। घर में पहले से रखे पेट्रोल को वह स्कूटी में डाल रही थी, तभी अचानक आग भड़क उठी। आग की चपेट में आने से फरीन गंभीर रूप से झुलस गई। उसे बचाने के प्रयास में सीता भी आग की चपेट में आकर झुलस गई।घटना के बाद मौके पर अफरा–तफरी मच गई। परिजनों और स्थानीय लोगों की सूचना पर पहुंची 108 एंबुलेंस की मदद से दोनों युवतियों को तत्काल जिला अस्पताल पहुंचाया गया, जहां उनका उपचार चल रहा है।

# संपूर्ण समाधान दिवसरू 216 शिकायतों में 26 का हुआ निस्तारण

फतेहपुर। आम जनता की समस्याओं के त्वरित और प्रभावी निस्तारण के उद्देश्य से .तहसील सदर सभागार में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में फरियादियों की भारी भीड़ उमड़ी। जिलाधिकारी निधि गुप्ता वत्स और पुलिस अधीक्षक अभिमन्यु मांगलिक ने संयुक्त रूप से जनसुनवाई कर लोगों की शिकायतें सुनीं तथा संबंधित अधिकारियों को गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध निस्तारण के निर्देश दिए। संपूर्ण समाधान दिवस में विभिन्न विभागों से जुड़ी कुल 216 शिकायतें प्राप्त हुईं। इनमें 26 शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण कर फरियादियों को राहत प्रदान की गई, जबकि शेष मामलों को संबंधित विभागों को सौंपते हुए निर्धारित समय सीमा के भीतर कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। जनसुनवाई के दौरान जिलाधिकारी ने कहा कि संपूर्ण समाधान दिवस का उद्देश्य केवल शिकायतें प्राप्त करना नहीं, बल्कि पीड़ितों को वास्तविक राहत दिलाना है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि शिकायतों के निस्तारण में किसी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए और प्रत्येक प्रकरण की निष्पक्ष जांच कर पारदर्शी तरीके से कार्रवाई की जाए। उन्होंने स्पष्ट कहा कि शासन की प्राथमिकता जनता की समस्याओं का त्वरित समाधान है और इसमें किसी भी स्तर पर ढिलाई स्वीकार नहीं की जाएगी। विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए स्टालों पर लोगों को केंद्र और प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी भी दी गई। डीएम ने सभी विभागीय अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि कोई भी पात्र व्यक्ति शासन की योजनाओं से वंचित न रहने पाए।

# विदेश दौरों से परहेज करने वाले शी जिनपिंग अचानक उत्तर कोरिया क्यों जा रहे?

चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग 8 और 9 जून को उत्तर कोरिया के दौरे पर रहने वाले हैं। जिनपिंग के इस दौरे और प्योंगयांग में उत्तर कोरियाई तानाशाह किम जोंग उन से उनकी होने वाली मुलाकात पर इस समय पूरी दुनिया की नजरें टिकी हुई हैं। ये दोनों नेता पिछले साल ही बीजिंग में मिले थे, जब चीनी सेना ने एक बहुत बड़ी परेड का आयोजन किया था। लेकिन इस बार खास बात यह है कि खुद शी जिनपिंग उत्तर कोरिया जा रहे हैं, जबकि पिछले कुछ सालों में उन्होंने अपने विदेशी दौरे बहुत कम कर दिए हैं। हाल ही में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन जैसे बड़े नेता खुद उनसे मिलने बीजिंग आए थे, लेकिन 2019 के बाद यह पहली बार है जब चीनी राष्ट्रपति खुद प्योंगयांग जा रहे हैं।



क्यों बेहद खास है जिनपिंग का यह दौरा?: अल जजीराश की एक रिपोर्ट के मुताबिक, क्राइसिस ग्रुप के सीनियर एनालिस्ट विलियम यांग का कहना है कि जिनपिंग अब ज्यादा विदेश यात्राएं नहीं करते हैं। आज के समय में यह एक ट्रेंड बन गया है कि दुनिया भर के बड़े नेता खुद उनसे मिलने बीजिंग आते हैं। ऐसे में शी जिनपिंग का खुद चलकर उत्तर कोरिया जाना यह दिखाता है कि चीन इस यात्रा को कितनी ज्यादा अहमियत दे रहा है। आंकड़ों की मानें तो साल 2013 से 2019 के बीच जिनपिंग हर साल औसतन 14 विदेशी दौरे करते थे, लेकिन 2022 से 2025 के बीच यह संख्या घटकर हर साल सिर्फ छह रह गई है।

चीन और उत्तर कोरिया के रिश्तेः अगर पारंपरिक रूप से देखें, तो चीन और उत्तर कोरिया के रिश्तों में हमेशा से चीन का पलड़ा भारी रहा है। अमेरिका की एक संस्था श्नेशनल कमिटी ऑन नॉर्थ कोरियाश के 2022 के आंकड़ों के अनुसार, उत्तर कोरिया अपने बिजनेस और व्यापार के लिए 95 परसेंट तक अकेले चीन पर निर्भर था। लेकिन साल 2022 में रूस–यूक्रेन युद्ध शुरू होने के बाद से अब इस पूरे इलाके के समीकरण तेजी से बदल रहे हैं।

रूस के करीब आ रहा है उत्तर कोरियाः यूक्रेन युद्ध के दौरान उत्तर कोरिया ने रूस की खुलकर मदद की है। उसने रूस को बड़े पैमाने पर खतरनाक हथियार, तोपें और अपने सैनिक तक उपलब्ध कराए हैं, जिससे रूस को इस युद्ध में काफी मदद मिली है। साल 2023 के बाद से मॉस्को ने सैनिकों की तैनाती, तोपखाने, गोले और बैलिस्टिक मिसाइलें खरीदने के बदले उत्तर कोरिया को करीब 14.4 अरब डॉलर का भारी–भरकम भुगतान किया है। यही वजह है कि अब इस क्षेत्र की राजनीति में नए बदलाव देखने को मिल रहे हैं।

# गांव–गांव पहुंचकर भाजपा नेता श्याम जायसवाल ने गिनाई सरकार की उपलब्धियां




दैनिक बुद्ध का संदेश

शोहरतगढ़,सिद्धार्थनगर। रविवार को शोहरतगढ़ विधानसभा क्षेत्र के गौहनिया, बभनी, बेलगड़ा, जगरगठिया, देवकलीगंज सहित विभिन्न गांवों में भाजपा नेता श्याम जायसवाल ने जन चौपाल आयोजित कर ग्रामीणों से संवाद किया। इस दौरान उन्होंने केंद्र एवं प्रदेश सरकार द्वारा संचालित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देते हुए उनके लाभों पर विस्तार से चर्चा की। चौपाल कार्यक्रम के दौरान क्षेत्र के विकास, जन–आकांक्षाओं तथा विभिन्न सामाजिक मुद्दों पर ग्रामीणों के साथ सकारात्मक एवं विस्तृत संवाद हुआ। भाजपा नेता श्याम जायसवाल ने कहा कि उनकी प्राथमिकता क्षेत्र के प्रत्येक गांव का विकास और हर नागरिक का सम्मान है। उन्होंने कहा कि जनता का लगातार मिल रहा स्नेह और विश्वास उन्हें जनसेवा के कार्यों को और अधिक समर्पण के साथ करने की प्रेरणा देता है। उन्होंने क्षेत्रवासियों के प्रेम, सहयोग और आत्मीय स्वागत के लिए सभी का आभार व्यक्त किया तथा विकास कार्यों को आगे बढ़ाने के लिए जनसहभागिता को आवश्यक बताया। इस अवसर पर बूथ अध्यक्ष रिंकू चौधरी, सिद्धार्थ मिश्रा, राजेंद्र त्रिपाठी, रत्नेश उपाध्याय (अन्नू), शिवा उपाध्याय, ज्वाला प्रकाश मिश्रा, ओमप्रकाश वरुण, अनिल चौधरी, महेश कसौधन, जयप्रकाश मौर्य, बब्लू चौधरी, अखिलेश यादव सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता एवं क्षेत्र के सम्मानित नागरिक उपस्थित रहे।

# दीवार गिरने से गंभीर रूप से घायल मरीज को एंबुलेंस टीम ने दिया नया जीवन

दैनिक बुद्ध का संदेश

सिद्धार्थनगर। जनपद के ग्राम बरदहा, थाना उसका बाजार निवासी रामदेव पुत्र गोकुल उस समय गंभीर रूप से घायल हो गए, जब उनके ऊपर अचानक एक पुरानी जर्जर दीवार भरभराकर गिर गई। हादसे में उन्हें कमर सहित पूरे शरीर पर गंभीर चोटें आईं और उनकी स्थिति चिंताजनक हो गई।घटना की सूचना तत्काल 108 आपातकालीन सेवा को दी गई, लेकिन उस समय निकटतम 108 एंबुलेंस अन्य केस में व्यस्त थी। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए सीएचसी उसका बाजार से 102 एंबुलेंस को मौके पर भेजा गया। एंबुलेंस पर तैनात ईएमटी करन शाह एवं पायलट देवप्रकाश राय ने तत्परता दिखाते हुए लगभग 6 किलोमीटर की दूरी मात्र 9 मिनट में तय की। इस दौरान उन्होंने फोन पर कॉलर को आवश्यक प्राथमिक उपचार संबंधी निर्देश भी दिए, जिससे मरीज को प्रारंभिक सहायता मिल सकी।मौके पर पहुंचते ही टीम ने बिना समय गंवाए घायल मरीज को सुरक्षित रूप से एंबुलेंस में शिट किया तथा ईआरसीपी डॉक्टर सौरभ जी के चिकित्सकीय दिशा–निर्देशों के अनुसार उसे तत्काल सीएचसी उसका बाजार पहुंचाकर भर्ती कराया।सीएचसी में चिकित्सकों द्वारा आवश्यक जांच एवं उपचार के बाद मरीज की गंभीर स्थिति को देखते हुए उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। इसके बाद 108 एंबुलेंस की सहायता से मरीज को सुरक्षित जिला अस्पताल पहुंचाया गया, जहां उसका उपचार जारी है।सीएचसी उसका बाजार के डॉक्टर अजय जी के अनुसार, एंबुलेंस टीम की त्वरित कार्रवाई, कुशल प्रबंधन और ईएमटी के अथक प्रयासों के कारण मरीज की स्थिति में उल्लेखनीय सुधार देखने को मिला है।



मरीज के परिजनों तथा चिकित्सकों ने उत्तर प्रदेश सरकार की एंबुलेंस सेवा और एंबुलेंस कर्मियों की कार्यकुशलता, समर्पण एवं मानवीय सेवा भावना की सराहना करते हुए उनका आभार व्यक्त किया।समय पर पहुंची एंबुलेंस, सही निर्णय और प्रशिक्षित ईएमटी की तत्परता ने एक गंभीर मरीज को नया जीवन देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

# पंचायत सहायकों की नई कार्यकारिणी का गठन, मनीष कुमार चौधरी बने अध्यक्ष

दैनिक बुद्ध का संदेश

बस्ती/रुधौली। विकास खण्ड रुधौली के ब्लॉक सभागार में शनिवार को पंचायत सहायकों की एक आवश्यक बैठक आयोजित की गई। बैठक में पंचायत सहायकों की विभिन्न समस्याओं, कार्यों में आने वाली चुनौतियों तथा संगठन को मजबूत बनाने के उद्देश्य से नई कार्यकारिणी के गठन पर विस्तार से चर्चा की गई।बैठक में विकास खण्ड की कुल 75 ग्राम पंचायतों में कार्यरत पंचायत सहायकों में से 37 पंचायत सहायकों ने सहभागिता की। सभी उपस्थित सदस्यों की सर्वसम्मति से नई कार्यकारिणी का गठन किया गया। नवगठित कार्यकारिणी में ग्राम पंचायत अठदेउरा के पंचायत सहायक मनीष कुमार चौधरी को अध्यक्ष चुना गया। वहीं ग्राम पंचायत करमा कला के सुधांशु सिंह को उपाध्यक्ष, ग्राम पंचायत मुगरहा के अभय प्रताप सिंह को कोषाध्यक्ष तथा ग्राम पंचायत पकरी सोयम के जगन्नाथ चौधरी को महामंत्री की जिम्मेदारी सौंपी गई।इसके अतिरिक्त ग्राम पंचायत आमबारी के अक्षय कुमार एवं तिगोड़िया के उमेश शुक्ला को मीडिया प्रभारी बनाया गया। ग्राम पंचायत गनवरिया कला की शालू सिंह को संगठन का प्रवक्ता मनोनीत किया गया।बैठक में संगठन की मजबूती, पंचायत सहायकों के हितों की रक्षा तथा उनकी समस्याओं के समाधान के लिए सामूहिक प्रयास करने पर जोर दिया गया। वक्ताओं ने कहा कि नई कार्यकारिणी पंचायत सहायकों की आवाज को प्रशासन तक प्रभावी ढंग से पहुंचाने का कार्य करेगी।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि ब्लॉक प्रमुख आलोक चौधरी ने नवमनोनीत पदाधिकारियों को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। उन्होंने सभी पदाधिकारियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की तथा पंचायत स्तर पर बेहतर कार्य करने के लिए प्रेरित किया।बैठक में दिवाकर सिंह, विनय कुमार, प्रमोद कुमार, रूपेश सिंह, प्रियंका सिंह, प्रीति,किशन, मदनलाल, सुनीता सहित बड़ी संख्या में पंचायत सहायक उपस्थित रहे। कार्यक्रम का समापन संगठन की एकजुटता और पंचायत सहायकों के हित में कार्य करने के संकल्प के साथ हुआ।




# कुवानों नदी के महादेवा घाट पर जन सहयोग से चला स्वच्छता अभियान

## नदियों का पुनर्जीवन आने वाली पीढ़ियों के लिए आवश्यक– संजय प्रताप जायसवाल

दैनिक बुद्ध का संदेश

बस्ती। रविवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 'मन की बात' कार्यक्रम से प्रेरित होकर जन सहभागिता के माध्यम से सल्टौआ गोपालपुर विकास खण्ड क्षेत्र के कुवानों नदी के महादेवा घाट पर स्वच्छता अभियान चलाया गया। पूर्व विधायक भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता संजय प्रताप जायसवाल के साथ ही बड़ी संख्या में भाजपा नेताओं, कार्यकर्ताओं और स्थानीय नागरिकों ने ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि दुष्यंत सिंह के नेतृत्व में आयोजित स्वच्छता अभियान में हिस्सा लिया। पूर्व विधायक संजय प्रताप जायसवाल ने कहा कि नदियों का पुनर्जीवन हमारे पर्यावरण और आने वाली पीढ़ियों के सुरक्षित भविष्य के लिए अनिवार्य है। इस अभियान में बीडीओ सल्टौआ अनिल कुमार, विकास शर्मा भोला, मनोज सिंह, प्रशासक ग्राम पंचायत भितरी पचानू एवं प्रतिनिधि प्रशासक ग्राम पंचायत अजगौवा जंगल चंद्रशेखर जी, झब्बू लाल चौधरी, विनोद राजभर, अमरजीत सिंह, श्री राम पाण्डेय, रामरूप चौहान के साथ ही अनेक क्षेत्रीय नागरिकों ने कुंवानों के स्वच्छता अभियान में हिस्सा लिया।

# उत्कृष्ट कार्य के लिए लेखपाल सम्मानित

दैनिक बुद्ध का संदेश

डुमरियागंज, सिद्धार्थनगर। संपूर्ण समाधान दिवस के दौरान आईजीआरएस पर उत्.ष्ट कार्य करने के लिए लेखपाल सचिन कुमार मिश्र को तहसील प्रशासन द्वारा सम्मानित किया गया। तहसीलदार रवि कुमार यादव ने उन्हें प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित करते हुए उनके कार्यों की सराहना की।तहसीलदार ने बताया कि पिछले माह प्राप्त शिकायतों के गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध निस्तारण में उल्लेखनीय योगदान देने तथा उत्तरदायित्वपूर्ण सेवाओं के लिए लेखपाल सचिन कुमार मिश्र को सम्मानित किया गया है।उन्होंने अन्य लेखपालों को भी कार्यों को पूरी निष्ठा और पारदर्शिता के साथ संपादित करने तथा जनसमस्याओं के त्वरित समाधान के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर तहसील के अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे।

# दुर्घटना को दावत दे रहा ट्रांसफार्मर

जौनपुर। केराकत तहसील क्षेत्र के विकास खंड मुफ्तीगंज अन्तर्गत बाजार में लगा ट्रांसफार्मर दुर्घटना को दावत दे रहा है। यह बिजली विभाग के अधिकारी व कर्मचारी की घोर लापरवाही का कारण है कि कांटा वाले तार या बाउंड्री वॉल कराया गया होता तो छुट्टा पशु नहीं घुसता और तो और गंदगी इतना है कि यदि शार्ट सर्किट होता है तो कहीं एक चिनगारी गिरी तो आग लगने से कोई रोक नहीं सकता यह बिजली विभाग की लापरवाही सामने दिख रहा है।बिजली विभाग के मन माने पन का यह जीता जागता सबूत है। लोगों नें जिले के जिम्मेदार अधिकारियो का ध्यान इस ओर करने की मांग की है! ताकि लोग सुरक्षित और महफूज रह सकें।

# ईदे गदीर पर महफिल का आयोजन

जौनपुर। नगर के बलुआघाट स्थित हाजी मोहम्मद अली खाँ मरहूम के इमामबारगाह में ईदे गदीर का आमाल मौलाना अली अब्बास हाइरी साहब ने करवाया उसके बाद महफिल का आयोजन हुआ जिसमें नगर के बेहतरीन शायरों ने अपना अपना कलाम पेश किया। तत्पश्चात उन सभी शायरों को पुरुस्कार दे कर सम्मानित किया गया। ईदे गदीर के पाक दिन शहर में रौशनीयों, खुशियों और मोहब्बत के पैगाम से भर दिया और घर घर मिठाईयों और सेवइयों से दास्तरख्वान सजते नजर आये रिश्तेदारों और पड़ोसियों के बीच मुबारकबाद का आदान प्रादान हुआ। संपादक शब्बीर हैदर अम्मार ने व्यवस्था को अंजाम दिया। शहर के मशहूर शायरों ने अपने–अपने गैर तरही कलाम को अपने–अपने खूबसूरत अंदाज में पेश किया। मिर्जा जमील,राजेश,रूबी शानू,जावेद,नौशी, नफीस,कैफी,रूमी, नजफ,प्रिंस,सोनू,सूरज,मुन्ना,अब्बास,खुर्रम ,जिम्मी, राजन,जीशान,शानू,नाइमूस सकलैन, अमान, समीर पत्रकार इम्तेयाज अहमद,रियाजुल आदि लोग उपस्थित रहे।

# मानसिक तनाव में वृद्ध ने फांसी लगा दी जान

फतेहपुर। गाजीपुर थाना क्षेत्र के ग्राम देवलान में .सुबह शौचक्रिया के लिए गए 65 वर्षीय वृद्ध ने मानसिक तनाव के चलते पेड़ पर फांसी लगाकर अपनी जीवनलीला समाप्त कर ली। जानकारी के अनुसार देवलान गांव निवासी छत्रपाल यादव का पुत्र रामखेलावन पिछले कई सालों से मानसिक तनाव में था। बताते हैं कि आज सुबह वह शौचक्रिया के बहाने गांव से लगभग एक किलोमीटर दूर पहुंचा और नीम के पेड़ पर रस्सी का फंदा डाल कर आत्महत्या कर ली। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर विच्छेदन गृह भेज दिया। पोस्टमार्टम हाउस में मृतक के भाई गोरेलाल ने बताया कि उसका भाई कई सालों से मानसिक तनाव में था। इससे पहले भी उसने जान देने का प्रयास किया था।

# युवक ने खाया जहरीला पदार्थ, भर्ती

फतेहपुर। राधानगर थाना क्षेत्र के ग्राम बड़नपुर में सुबह घरेलू कलह से तंग आकर 35 वर्षीय युवक ने गांव के बाहर जंगल में जहरीला पदार्थ खाकर आत्महत्या करने का प्रयास किया। जिसे उपचार के लिए जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया गया। जहां उसकी हालत गंभीर बनी है। जानकारी के अनुसार बड़नपुर गांव निवासी संतोष के पुत्र प्रमोद ने सुबह गांव के बाहर जंगल जाकर जहरीला पदार्थ खा लिया। कुछ देर बाद मौके पर ही अचेत हो गया। गांव के कुछ लोग जानवर चराते हुए पहुंचे तो अचेक प्रमोद को देख परिजनों को जानकारी दी। घर वालों ने मौके पर पहुंच सरकारी एंबुलेस से उपचार के लिए जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया।

# अलग-अलग सड़क हादसों में दो घायल

फतेहपुर। जनपद के अलग–अलग थाना क्षेत्रों के अंतर्गत हुए सड़क हादसों के दौरान दो लोग घायल हो गए। जिन्हें उपचार के लिए जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया गया। जानकारी के अनुसार थरियांव थाना क्षेत्र के आकूपुर गांव निवासी किशनपाल का 30 वर्षीय पुत्र महेन्द्र शाम बाइक से किसी काम से जा रहा था। तभी बिलंदा के समीप अनियंत्रित होकर बाइक गिर जाने से घायल हो गया। उधर हुसैनगंज थाना क्षेत्र के हड़िया पल्लहा गांव निवासी प्यारेलाल का 45 वर्षीय पुत्र दयाशंकर .. शाम खेत से साइकिल से घर आ रहा था। जब वह गांव के करीब पहुंचा तभी विपरीत दिशा से आ रहे बाइक सवार ने टक्कर मार दिया जिससे वह घायल हो गया। सूचना पाकर पहुंची सरकारी एंबुलेंस ने घायलों को उपचार के लिए जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया।

# सर्वोदय विद्यालयों के विद्यार्थियों ने रचा सफलता का नया इतिहास, जेईई मेंस व एडवांस्ड में शानदार प्रदर्शन

लखनऊ। प्रतिभा किसी संसाधन की मोहताज नहीं होती, आवश्यकता केवल सही अवसर, मार्गदर्शन और प्रोत्साहन की होती है। उत्तर प्रदेश सरकार की इसी सोच को साकार कर रहे समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित जय प्रकाश नारायण सर्वोदय विद्यालयों के विद्यार्थियों ने इस वर्ष जेईई मेंस, जेईई एडवांस्ड एवं बोर्ड परीक्षाओं में उल्लेखनीय सफलता प्राप्त कर प्रदेश का मान बढ़ाया है।प्रदेश के विभिन्न जनपदों में संचालित इन आवासीय विद्यालयों के विद्यार्थियों ने यह सिद्ध कर दिया है कि यदि गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और उचित वातावरण उपलब्ध कराया जाए तो ग्रामीण एवं आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के बच्चे भी राष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बना सकते हैं।इस वर्ष सर्वोदय विद्यालयों के 11 विद्यार्थियों ने जेईई मेंस परीक्षा में सफलता प्राप्त की है, जबकि छात्रा प्रीति ने जेईई एडवांस्ड के लिए क्वालीफाई कर एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है। इन उपलब्धियों पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने विद्यार्थियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है। मिर्जापुर के मड़िहान स्थित सर्वोदय विद्यालय को प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए सेंटर ऑफ एक्सीलेंस के रूप में विकसित किया गया है, जहां विशेषज्ञ शिक्षकों के मार्गदर्शन, नियमित टेस्ट, आधुनिक अध्ययन सामग्री एवं प्रतियोगी वातावरण ने विद्यार्थियों के आत्मविश्वास को नई दिशा दी है।इस वर्ष जेईई मेंस में सफल होने वाले विद्यार्थियों में मिर्जापुर की दामिनी पटेल, अंवाला वर्मा, सृष्टि, शिवानी और रागनी सहित कुल 11 विद्यार्थी शामिल हैं। वहीं देवरिया, बाराबंकी और बस्ती के विभिन्न सर्वोदय विद्यालयों के विद्यार्थियों ने भी परीक्षा में सफलता अर्जित की है। विशेष रूप से प्रीति और दामिनी पटेल को आईआईटी मंडी के प्रतिष्ठित बीबीए एवं एमबीए कार्यक्रमों के लिए शॉर्टलिस्ट किया गया है, जो इस शैक्षिक मॉडल की सफलता को और अधिक सशक्त बनाता है।समाज कल्याण विभाग द्वारा प्रदेश में वर्तमान में 103 जय प्रकाश नारायण सर्वोदय आवासीय विद्यालय संचालित किए जा रहे हैं, जहां कक्षा 6 से 12 तक के विद्यार्थियों को निःशुल्क शिक्षा, आवास, भोजन, पुस्तकें एवं प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी की सुविधा प्रदान की जाती है।इन विद्यालयों का उद्देश्य केवल शैक्षणिक शिक्षा तक सीमित नहीं है, बल्कि विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास, व्यक्तित्व निर्माण, खेलकूद एवं रचनात्मक गतिविधियों पर भी विशेष ध्यान दिया जाता है। सरकार की यह पहल आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के बच्चों के लिए समान अवसर सुनिश्चित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम मानी जा रही है। प्रदेश सरकार द्वारा शिक्षा के क्षेत्र में किए जा रहे सुधारों, डिजिटल शिक्षा, स्मार्ट क्लास, पुस्तकालयों के आधुनिकीकरण एवं छात्रवृत्ति योजनाओं के परिणामस्वरूप ऐसे सकारात्मक परिणाम सामने आ रहे हैं। सर्वोदय विद्यालयों की यह सफलता इस बात का प्रमाण है कि सही दिशा और अवसर मिलने पर कोई भी छात्र बड़े लक्ष्य हासिल कर सकता है।यह उपलब्धियां केवल परीक्षा परिणाम नहीं, बल्कि उस सामाजिक परिवर्तन की कहानी हैं जिसमें शिक्षा के माध्यम से आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के बच्चों को नई पहचान और उज्ज्वल भविष्य मिल रहा है।

# आगरा में एनयूजे राष्ट्रीय सम्मेलन में शामिल हुए उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य, पत्रकारिता को बताया लोकतंत्र की प्राणवायु

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने आगरा मेंआयोजित नेशनल यूनियन ऑफ जर्नलिस्ट्स (एनयूजे) के राष्ट्रीय सम्मेलन में मुख्य अतिथि के रूप में सहभागिता करते हुए कहा कि पत्रकारिता लोकतंत्र की प्राणवायु है और लोकतंत्र के चौथे स्तंभ के रूप में मीडिया की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण एवं जिम्मेदारपूर्ण है। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र तभी सशक्त रह सकता है जब सभी स्तंभ अपनी–अपनी भूमिका का निष्पक्षता और स्वतंत्रता के साथ निर्वहन करें।कार्यक्रम का शुभारंभ उप मुख्यमंत्री द्वारा दीप प्रज्ज्वलन के साथ किया गया। इस अवसर पर उन्होंने 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के अंतर्गत पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश भी दिया।सम्मेलन में देश के विभिन्न राज्यों से आए पत्रकारों का स्वागत करते हुए उन्होंने कहा कि पत्रकारिता केवल एक पेशा नहीं, बल्कि समाज और राष्ट्र के प्रति उत्तरदायित्व का माध्यम है। पत्रकार समाज को जागरूक करने, जनभावनाओं को अभिव्यक्त करने तथा लोकतांत्रिक मूल्यों को सुदृढ़ करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।उन्होंने कहा कि लोकतंत्र में मीडिया की कलम में अपार शक्ति है। यदि सरकार जनहित के कार्यों में कहीं कमी छोड़ती है तो पत्रकार उसे सामने लाते हैं और अच्छे कार्यों को जनता तक पहुंचाने में भी मीडिया की महत्वपूर्ण भूमिका रहती है।उप मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में देश तेजी से प्रगति कर रहा है और 'वन नेशन–वन इलेक्शन' की अवधारणा संसाधनों की बचत एवं विकास की गति को और तेज करने में सहायक होगी। उन्होंने कहा कि देश की युवा पीढ़ी और आम नागरिक भी इस विचार का समर्थन कर रहे हैं।उन्होंने यह भी कहा कि भारत वैश्विक चुनौतियों के बावजूद आत्मनिर्भरता की दिशा में आगे बढ़ रहा है। रक्षा उत्पादन, ऊर्जा सुरक्षा और तकनीकी विकास के क्षेत्रों में देश ने उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल की हैं, जिससे रोजगार के नए अवसर सृजित होंगे और अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलेगी।

# मलेरिया माह में बचाव का किया प्रचार प्रसार

जौनपुर। जिला मलेरिया, फाइलेरिया अधिकारी सुनील कुमार यादव के निर्देशन में मलेरिया निरीक्षक चंद्रेश कुमार पटेल एवं पर्यवेक्षक सुनील तिवारी, शिवशंकर वर्मा, राकेश सिंह द्वारा क्षेत्रीय आशा, एएनएम, एवं फील्ड वर्कर के सहयोग से नगरीय क्षेत्र में नक्खास टोला, वाजिदपुर, मियांपुर में एंटी मलेरिया माह में प्रचार प्रसार, पोस्टर पेस्टिंग, पैम्फलेट वितरण, स्वास्थ्य शिक्षा, ब्रीडिंग सोर्स सर्वे, सोर्स रिडक्शन, एंटीलार्वा रसायन स्प्रे आदि कार्य संपादित कराए गए। उन्होंने जन समुदाय से अपील है कि आप अपने घरों के आस पास साफ सफाई रखें, झाड़ियां साफ कर दें, नालियों में कूड़ा कचरा न डालें, जल जमाव न होने दें, रुके हुए पानी में जला हुआ मोबिल, एंटी लार्वा रसायन का स्प्रे करें, मच्छर दानी में सोएं, खुली बदन न सोएं,घरों के दरवाजों, खिड़कियों पर मच्छर रोधी जाली लगवाएं, बुखार की स्थिति में हल्का तरल खाद्य सामग्रियों का सेवन करें, तला भुना गरिष्ठ भोजन न करें, पूरी तरह आराम करें,समय पर दवाएं लेते रहें, अपने से या झोलाछाप से दवाएं न लें।

# घायल अधेड़ की उपचार दौरान मौत

फतेहपुर। मलवां थाना क्षेत्र के ग्राम सौंरा में विगत डेढ़ माह पूर्व जंगली जानवर के हमले से घायल 53 वर्षीय अधेड़ की उपचार के दौरान देर शाम घर पर ही मौत हो गई। बताते चलें कि सौंरा गांव निवासी रोशन लाल का पुत्र दिनेश पर डेढ़ माह पूर्व खेत में काम करते समय जंगली जानवर ने हमला कर दिया था। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया था। परिजन उसे लेकर अस्पताल आए। जहां परिजन कुछ दिन इलाज कराने के बाद घर वापस ले गए। जहां जिंदगी और मौत से संघर्ष करते हुए घर पर ही इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। सूचना पाकर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर विच्छेदन गृह भेज दिया।

# जिलाधिकारी ने किया पिपरहवा में सड़क का लोकार्पण,ग्रामीणों को मिली कच्ची सड़क और कीचड़ से मुक्ति




दैनिक बुद्ध का संदेश

सोनभद्र।म्योरपुर ब्लॉक के ग्राम पंचायत कुदरी के पिपरहवा गोंडान टोला में एक करोड़ 96 लाख रुपए से निर्मित दो किमी 300 मीटर लंबी सड़क का राज्य मंत्री संजीव कुमार गोंड जिलाधिकारी चर्चित गौंड ने शनिवार को देर शाम लोकार्पण किया। और कहा कि पहले ग्रामीणों को गांव के बाहर जाने से पक डंडी और बरसात में कीचड़ युक्त रास्ते से गुजरना पड़ता था। सड़क बन जाने से अब बस्ती तक वाहन पहुंच सकेगा, और गर्भवती ,महिलाओं और बीमार मरीजों को दो किमी पैदल चल कर बाहर जाने से राहत मिलेगा। संजीव गोंड ने कहा कि सरकार की प्राथमिकता है कि सभी टोले को पक्की सड़क निर्माण कर मुख्य मार्ग से जोड़ा जाए। सरकार विकास के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि आदिवादी क्षेत्रों में सड़क बिजली, पानी,शिक्षा स्वास्थ्य की सुविधा सभी को मिले इसके लिए तेजी से प्रयास हो रहा है। उन्होंने पंचायत भवन पर आयोजित कार्यक्रम में कहा कि सबसे बड़ी समस्या आदिवासियों में जमीन की है नाम किसी का और कब्जा के साथ घर खेती बारी, कुआं बावली सब होते हुए बाहरी लोगों का नाम कैसे हुआ इसकी जांच होनी चाहिए।और ऐसे विवादों में आदिवासियों को जमीन से बेदखल नहीं किया जाना चाहिए। मौके पर जिलाध्यक्ष नंदलाल , दर्जा प्राप्त राज्य मंत्री जीत सिंह खरवार, ब्लॉक प्रमुख मान सिंह गोंड, डी डी ओ हेमंत कुमार सिंह, बीडीओ दिनेश कुमार मिश्र, एडीओ पंचायत अजय सिंह, अवर अभियंता ज्ञानेंद्र कुमार, अरुण उपाध्याय,रामबृक्ष विश्वकर्मा, सुधीर कुमार, आदि उपस्थित रहे।

# बारात घर का विधायक ने किया लोकार्पण



दैनिक बुद्ध का संदेश

सोनभद्र।एक करोड़ 66 लाख की लागत से बने विवाह घर का किया गया लोकार्पण।रविवार को क्षेत्रीय विधायक डॉ अनिल कुमार मौर्य द्वारा घोरावल नगर पंचायत के वार्ड क्रमांक 10 में एक करोड़ 66 लाख की लागत से बने विवाह घर का सविधि पूजन एवं फीता काटकर लोकार्पण किया गया।बतौर मुख्य अतिथि विधायक श्री मौर्य ने कहा कि सरकार के पास जनकल्याणकारी कार्यों एवं विकास के लिए धन की कोई कमी नहीं है ।शासन की मनसा समाज के अंतिम व्यक्ति तक विकास की किरण को पहुंचना है ।उन्होंने बताया कि उनके द्वारा क्षेत्र में विभिन्न जनकल्याणकारी एवं विकास कार्यों का तेजी से कार्य किया जा रहा है। उन्होंने विकास कार्यों में नागरिकों एवं जनप्रतिनिधियों को सहयोग करने की अपील की। इसके पूर्व विधायक द्वारा घोरावल नगर में एक करोड़ 55 लाख की लागत से सड़क निर्माण के लिए भूमि पूजन किया गया। उन्होंने बताया कि उक्त मार्ग से जहां रोडवेज के बसों का संचालन हो सकेगा वहीं नागरिकों को मार्केट में लगने वाले जाम से मुक्ति मिलेगी। उन्होंने गुणवत्ता युक्त कार्य एवं समय से विकास कार्य पूर्ण करने का निर्देश दिया। उक्त अवसर पर प्रमुख रूप से जिला पंचायत सदस्य नीरज श्रीवास्तव ,पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष राजेश कुमार, संचालन पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष राकेश कुमार ने किया।भाजपा मंडल अध्यक्ष सीमा गुप्ता, कैलाश सिंह आनंद पटेल सुनील चौबे, सभासद मोहम्मद हनीफ, शाहबान अली, सखावत अली, . ष्ण कुमार , दयाशंकर गुप्ता,दीपक कुमार, नंदलाल, कैलाश प्रसाद, रमेश कुमार, धीरज कुमार, सुनील कुमार मौर्य, सुरेंद्र मौर्य ,राहुल कुमार, छोटू पटेल, हाफिज ताज मोहम्मद, शंकर प्रसाद मौर्य , जय नाथ मौर्य सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

# गैर इरादतन हत्या के मामले में दो वांछित अभियुक्त गिरतार

दैनिक बुद्ध का संदेश

सोनभद्र। जनपद में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना पिपरी पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। गैर इरादतन हत्या के एक मामले में वांछित चल रहे दो अभियुक्तों को पुलिस ने गिरतार कर न्यायालय भेज दिया है।पुलिस अधीक्षक अभिषेक वर्मा के निर्देशन में अपराध नियंत्रण एवं वांछित अभियुक्तों की गिरतारी के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक मुख्यालय अनिल कुमार एवं क्षेत्राधिकारी पिपरी हर्ष पाण्डेय के पर्यवेक्षण तथा थानाध्यक्ष पिपरी राजेश जी चौबे के नेतृत्व में पुलिस टीम ने कार्रवाई की।पुलिस के अनुसार, 6 जून 2026 को मुखबिर की सूचना पर थाना पिपरी में दर्ज मु0अ0सं0–108/2026, धारा 105 बीएनएस से संबंधित दो वांछित अभियुक्तों को रेनुकूट स्थित वरिष्ठ अनुभाग अभियंता कार्यालय के पास से रात लगभग 11 बजे गिरतार किया गया।गिरतार अभियुक्तों के विरुद्ध आवश्यक विधिक कार्रवाई पूरी करते हुए उन्हें न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया, जहां से आगे की कार्रवाई की गई।पुलिस अधिकारियों ने बताया कि जनपद में अपराधियों के विरुद्ध अभियान लगातार जारी रहेगा तथा कानून व्यवस्था को प्रभावित करने वाले तत्वों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# बभनी पेट्रोल पंप के पास अज्ञात वाहन की टक्कर से दो बाइक सवार घायल

दैनिक बुद्ध का संदेश

सोनभद्र।बभनी क्षेत्र के पेट्रोल पंप के पास रविवार को हुए



सड़क हादसे में मोटरसाइकिल सवार दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। अज्ञात वाहन ने बाइक में जोरदार टक्कर मार दी।जानकारी के अनुसार बुझावन 25 पुत्र भीम सिंह व राजेश कुमार 24 पुत्र रामलखन निवासी आरंगपानी थाना म्योरपुर मोटरसाइकिल से बभनी की तरफ जा रहे थे। जैसे ही पेट्रोल पंप के पास पहुंचे विपरीत दिशा से तेज रतार अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी। टक्कर लगने से दोनों बाइक सवार सड़क पर गिरकर घायल हो गए। जिसमें बुझावन की हालत गंभीर बनी हुई है।हादसे के बाद मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई। राहगीरों ने तत्काल 108 एंबुलेंस को सूचना दी। घायलों को एंबुलेंस से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बभनी ले जाया गया। हालत गंभीर होने पर चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद बुझावन को जिला अस्पताल रेफर कर दिया।सूचना पर बभनी पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण किया। हादसे के बाद अज्ञात वाहन चालक मौके से फरार हो गया। पुलिस आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है। प्रभारी निरीक्षक डीपी यादव ने बताया कि घायलों की पहचान हो गई है। तहरीर मिलने पर मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई की जाएगी।

# जिलाधिकारी ने परीक्षा केंद्रों का किया निरीक्षण, पारदर्शी एवं निष्पक्ष परीक्षा के लिए दिए आवश्यक निर्देश

दैनिक बुद्ध का संदेश

सोनभद्र। आरक्षी नागरिक पुलिस एवं समकक्ष पदों पर सीधी भर्ती परीक्षा–2025 के सफल, पारदर्शी एवं शुचितापूर्ण आयोजन को लेकर जिलाधिकारी चर्चित गौड़ ने जनपद के सभी निर्धारित परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण कर तैयारियों का जायजा लिया। जनपद में 8, 9 एवं 10 जून को दो–दो पालियों में आयोजित होने वाली परीक्षा के लिए छह परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं।निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने परीक्षा केंद्रों पर सुरक्षा एवं व्यवस्थाओं की समीक्षा करते हुए सीसीटीवी कैमरों, स्ट्रांग रूम, कंट्रोल रूम तथा परीक्षा कक्षों की व्यवस्था का बारीकी से निरीक्षण किया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को सभी व्यवस्थाएं समय रहते पूर्ण करने तथा परीक्षा के दौरान किसी प्रकार की कमी न रहने के निर्देश दिए।जिलाधिकारी ने परीक्षार्थियों की सुविधा को प्राथमिकता देते हुए शुद्ध पेयजल, स्वच्छ शौचालय, टेंट व्यवस्था एवं फ्रिस्किंग स्थलों पर आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। साथ ही निर्बाध विद्युत आपूर्ति, चिकित्सा एम्बुलेंस एवं सुचारू यातायात व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए संबंधित विभागों के साथ समन्वय स्थापित करने को कहा।इसके बाद राजकीय बालिका इंटर कॉलेज में आयोजित कक्ष निरीक्षकों के ब्रीफिंग सत्र में जिलाधिकारी ने समयपालन एवं अनुशासन पर विशेष जोर दिया। उन्होंने कहा कि सीटिंग प्लान सहित सभी तैयारियां निर्धारित समय सीमा के भीतर पूरी की जाएं और परीक्षा की निष्पक्षता एवं पारदर्शिता से किसी भी स्तर पर समझौता न किया जाए।जिलाधिकारी चर्चित गौड़ ने स्पष्ट कहा कि परीक्षा आयोजन में किसी भी प्रकार की लापरवाही या शिथिलता अक्षम्य होगी तथा दोषी पाए जाने पर संबंधित के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी।इस अवसर पर उप जिलाधिकारी सदर अश्विनी कुमार, जिला विद्यालय निरीक्षक जयराम सिंह, पुलिस क्षेत्राधिकारी रणधीर मिश्रा सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।






# अज्ञात युवक का शव रेलवे ट्रैक किनारे मिला, शिनाख्त में जुटी पुलिस

दैनिक बुद्ध का संदेश

सोनभद्र। विकास खंड दुद्धी क्षेत्र के ग्राम कटौंधी के पास रेलवे ट्रैक संख्या 90/3 एवं 91/3 के समीप रविवार सुबह एक अज्ञात युवक का शव मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर आवश्यक कार्रवाई शुरू कर दी है।मौके पर मौजूद ग्राम प्रधान प्रतिनिधि सोमनाथ मरकाम ने बताया कि रविवार सुबह लगभग 8रू30 बजे एक मालगाड़ी के चालक ने पटरी किनारे युवक को पड़ा देखा और इसकी सूचना स्टेशन मास्टर को दी। सूचना मिलने पर आरपीएफ एवं स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची तथा शव की पहचान कराने का प्रयास किया, लेकिन खबर लिखे जाने तक युवक की शिनाख्त नहीं हो सकी थी।पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है तथा आसपास के लोगों से पूछताछ कर युवक की पहचान कराने का प्रयास कर रही है। मामले की जांच जारी

# अपना दल (एस) की मासिक बैठक संपन्न, संगठन विस्तार पर जोर

दैनिक बुद्ध का संदेश

सोनभद्र। अपना दल (एस) की मासिक बैठक जिला कार्यालय




सोमनाथ मंदिर परिसर में जिलाध्यक्ष अंजनी पटेल की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में संगठन की मजबूती, सदस्यता विस्तार और आगामी कार्यक्रमों की तैयारियों पर चर्चा की गई।मुख्य अतिथि अभिषेक चौबे ने कार्यकर्ताओं से जनसंपर्क बढ़ाने और पार्टी की नीतियों को जन–जन तक पहुंचाने का आह्वान किया। जिलाध्यक्ष अंजनी पटेल ने बूथ स्तर तक संगठन को मजबूत बनाने पर जोर दिया।बैठक में 2 जुलाई को डॉ. सोनेलाल पटेल की जयंती ष्जन्म स्वाभिमान दिवसष तथा 9 जून को भगवान बिरसा मुंडा बलिदान दिवस कार्यक्रम की तैयारियों पर चर्चा हुई। उत्.ष्ट कार्य करने वाले पदाधिकारियों को सम्मानित किया गया तथा रणजीत पटेल सहित कई लोगों ने पार्टी की सदस्यता ग्रहण की।बैठक में जिले के पदाधिकारी, विधानसभा अध्यक्ष एवं बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# 'वज्रपात अभियान' के तहत अपराधियों का सत्यापन, हिस्ट्रीशीटरों को थाने बुलाकर दिलाई गई शपथ

दैनिक बुद्ध का संदेश

सोनभद्र। जनपद में अपराध एवं अपराधियों पर प्रभावी नियंत्रण स्थापित करने तथा सक्रिय दुश्चरित्र व्यक्तियों की निगरानी को और मजबूत बनाने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक अभिषेक वर्मा के निर्देशन में 7 जून से दो दिवसीय विशेष 'वज्रपात अभियान' की शुरुआत की गई। अभियान के तहत जिले के सभी थानों पर व्यापक सत्यापन अभियान चलाया गया।पुलिस द्वारा गुण्डा नियंत्रण अधिनियम के तहत चिन्हित व्यक्तियों, हिस्ट्रीशीटरों, पंजी.त गैंग के लीडरों एवं सदस्यों सहित अन्य सक्रिय अपराधियों को थानों पर तलब कर उनकी हाजिरी सुनिश्चित कराई गई। इस दौरान उन्हें भविष्य में किसी भी प्रकार की आपराधिक गतिविधि में शामिल न होने तथा कानून का पालन करने की शपथ भी दिलाई गई।अभियान के दौरान सभी चिन्हित व्यक्तियों का सत्यापन कर उनकी नवीनतम फोटो, आपराधिक विवरण एवं अन्य आवश्यक सूचनाएं संकलित की गईं। साथ ही अभिलेखों को अद्यतन करते हुए संबंधित विवरण यक्ष एप पर अपलोड किया गया।

पुलिस बल के साथ समूह फोटो भी अभिलेखों के लिए संकलित किए गए।इसी क्रम में क्षेत्राधिकारी नगर रणधीर मिश्रा ने थाना रॉबर्ट्सगंज पहुंचकर हिस्ट्रीशीटरों की हाजिरी ली और उन्हें सामाजिक सौहार्द बनाए रखने, कानून का सम्मान करने तथा भविष्य में किसी भी आपराधिक गतिविधि से दूर रहने की शपथ दिलाई।पुलिस अधीक्षक ने स्पष्ट किया है कि जनपद में सक्रिय अपराधियों की निगरानी, सत्यापन एवं उनके विरुद्ध प्रभावी वैधानिक कार्रवाई की प्रक्रिया लगातार जारी रहेगी। कानून–व्यवस्था को प्रभावित करने वाले तथा अपराध में संलिप्त पाए जाने वाले व्यक्तियों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# पेड़ से फंदा लगाकर अधेड़ ने की आत्महत्या, सात बच्चों के सिर से उठा पिता का साया

दैनिक बुद्ध का संदेश

सोनभद्र। चोपन थाना क्षेत्र के सलखन चौकी अंतर्गत बैरीहवा टोला में रविवार सुबह एक अधेड़ द्वारा पेड़ से फंदा लगाकर आत्महत्या किए जाने की घटना से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया।प्राप्त जानकारी के अनुसार बैरीहवा टोला निवासी धर्मेंद्र उर्फ पौड़ी (45 वर्ष) पुत्र देवीदयाल रविवार सुबह लगभग 9 बजे गांव के मुख्य संपर्क मार्ग के समीप सागर के घर के पीछे स्थित बबूल के पेड़ पर लुंगी का फंदा बनाकर लटक गए। स्थानीय लोगों ने जब उनका शव पेड़ से लटका देखा तो इसकी सूचना परिजनों एवं पुलिस को दी।घटना की जानकारी मिलते ही चोपन थाना पुलिस मौके पर पहुंची और ग्रामीणों की मौजूदगी में शव को नीचे उतरवाया। पुलिस ने आवश्यक कानूनी कार्रवाई करते हुए पंचनामा भरकर शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया।मृतक अपने पीछे पांच पुत्र एवं दो पुत्रियों सहित सात बच्चों का परिवार छोड़ गए हैं। घटना के बाद परिजनों का रो–रोकर बुरा हाल है। गांव में भी शोक का माहौल व्याप्त है।पुलिस के अनुसार आत्महत्या के कारणों का अभी स्पष्ट पता नहीं चल सका है। मामले की जांच की जा रही है तथा पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।चोपन थाना क्षेत्र के बैरीहवा टोला की इस घटना से पूरे गांव में शोक और चर्चा का माहौल बना हुआ है।

# विराट रुद्र महायज्ञ के तीसरे दिन जयकारों से गुंजायमान रहा यज्ञ स्थल



दैनिक बुद्ध का संदेश

सोनभद्र। रामगढ़ कसारी स्थित रामसरोवर मंदिर परिसर में आयोजित नौ दिवसीय विराट रुद्र महायज्ञ के तीसरे दिन रविवार को धार्मिक अनुष्ठानों और भक्ति कार्यक्रमों का भव्य आयोजन हुआ। प्र.ति संरक्षण एवं विश्व कल्याण की कामना के साथ 251 जड़ी–बूटियों से निर्मित विशेष हवन सामग्री द्वारा आहुति दी गई। आरती एवं पूजन के दौरान पूरा यज्ञ स्थल जयकारों से गुंजायमान हो उठा।कार्यक्रम के संयोजक भिक्षुक भिखारी जंगली दास दीनबंधु रमाशंकर गिरी महाराज ने बताया कि महायज्ञ में आचार्य गोपालधर द्विवेदी, राजेश कुमार पाठक, हरिओम द्विवेदी एवं अमरेश तिवारी के निर्देशन में वैदिक मंत्रोच्चार के बीच पूजन–अर्चन एवं हवन संपन्न कराया गया। यज्ञ में प्र.ति रक्षा एवं जनकल्याण के उद्देश्य से 251 प्रकार की जड़ी–बूटियों से तैयार हवन सामग्री का प्रयोग किया गया।यज्ञ मंडप की परिक्रमा करने और पूजन–अर्चन में शामिल होने के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी। प्रतिदिन की भांति आयोजित विशाल भंडारे में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण कर पुण्य लाभ प्राप्त किया।रात्रि में वृंदावन से आए कलाकारों द्वारा भगवान श्री.ष्ण की मनमोहक रासलीला का मंचन किया गया। कलाकारों की आकर्षक प्रस्तुति ने श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। देर रात तक श्रद्धालु भक्ति रस में सराबोर होकर रासलीला का आनंद लेते रहे।भिखारी बाबा ने क्षेत्रवासियों एवं श्रद्धालुओं से अधिक से अधिक संख्या में महायज्ञ में शामिल होकर धर्म लाभ प्राप्त करने की अपील की। कार्यक्रम में देवेंद्र कुमार, चिंता मौर्य, शुभराम महाराज, राजेंद्र महाराज, मुन्ना बाबा, रामखेलावन, परमानंद, रमेश कुमार, कालो देवी, विमला देवी, शशि देवी सहित अनेक श्रद्धालु उपस्थित रहे।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक: श्रीमती पुष्पा शर्मा द्वारा बुद्धा प्रिन्टर्स, मकान नं0- 176, ज्योति नगर मधुकरपुर, निकट हीरो होण्डा एजेन्सी, जनपद-सिद्धार्थनगर (उ0प्र0) 272207 से मुद्रित एवं मकान नं. 203 निकट बी.एस.एन.एल. टावर खलवा मोहल्ला, नगर पालिका परिषद- बलरामपुर, जनपद- बलरामपुर, उ.प्र.-271201 से प्रकाशित। आर.एन.आई. नं0- UPHIN/2021/86502 | सम्पादक- राजेश कुमार शर्मा
स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक:- श्रीमती पुष्पा शर्मा द्वारा बुद्धा प्रिन्टर्स, ज्योति नगर मधुकरपुर, निकट-हीरो होण्डा एजेन्सी, जनपद-सिद्धार्थनगर (उ0प्र0) 272207 से मुद्रित एवं प्रकाशित। सम्पादक- राजेश कुमार शर्मा
आर.एन.आई. नं.-UPHIN/2012/49458 9415163471, 9453824459 दैनिक बुद्ध का संदेश 9795951917, 9415163471 @budhakasandesh budhakasandeshnews@gmail.com www.budhakasandesh.com
इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादक हेतु पी.आर.बी.एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी तथा इनसे उत्पन्न समस्त विवाद जनपद- सिद्धार्थनगर न्यायालय के अधीन ही मान्य होगा।

# अमेजन प्राइम वीडियो पर चमकी सोनाक्षी सिन्हा और ज्योतिका की सिस्टम, बनी दुनिया की नंबर 1 गैर-अंग्रेजी फिल्म

बावेजा स्टूडियो की नई फिल्म सिस्टम ने अमेजन प्राइम वीडियो पर कमाल कर दिया है। ये फिल्म दुनियाभर में सबसे ज्यादा देखी जाने वाली गैर-अंग्रेजी (नॉन-इंग्लिश) फिल्म बन गई है, जबकि सभी



फिल्मों की सूची में ये ग्लोबल चार्ट पर दूसरे नंबर पर है। अश्विनी अय्यर तिवारी के निर्देशन में बनी इस फिल्म में सोनाक्षी सिन्हा, ज्योतिका और आशुतोष गोवारिकर जैसे बड़े कलाकार हैं। फिल्म की यह बड़ी कामयाबी भारतीय सिनेमा के लिए गर्व की बात है, क्योंकि अब भारतीय फिल्में अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी मजबूत पहचान बना रही हैं।

जी5 पर मिसेज और नेटफ्लिक्स पर हक के बाद सिस्टम की इस शानदार सफलता के साथ ही बावेजा स्टूडियो ने लगातार 3 हिट फिल्में देने की हैट्रिक बना ली है। इन सभी फिल्मों की सबसे बड़ी खासियत इनकी अनोखी कहानियां हैं, जो अलग-अलग बैकग्राउंड के दर्शकों को खुद से जोड़ती हैं। इस बड़ी कामयाबी पर लेखक-निर्माता हरमन बावेजा ने कहा कि ये सफलता बेहतरीन कहानी कहने की ताकत का सबसे बड़ा सबूत है। उन्होंने इसका पूरा श्रेय प्राइम वीडियो और अपनी टीम को देते हुए कहा कि उनकी वजह से ही भारतीय कहानियां आज दुनियाभर के दर्शकों तक पहुंच पा रही हैं।

# अनुराग कश्यप-बॉबी देओल की बंदर बॉक्स ऑफिस पर पहले ही दिन ढेर? कमाए सिर्फ 50 लाख




अनुराग कश्यप की नई फिल्म बंदर, जिसमें बॉबी देओल मुख्य भूमिका में हैं, बॉक्स ऑफिस पर काफी मुश्किल शुरुआत कर पाई। फिल्म ने पहले दिन सिर्फ 50 लाख नेट का कारोबार किया। यह फिल्म 1,365 शोज में रिलीज हुई थी, लेकिन जेल ड्रामा वाली इस फिल्म को सिर्फ 12.58 प्रतिशत की औसत ऑक्यूपेंसी ही मिल पाई। फिल्म दर्शकों को सिनेमाघरों तक खींचने में बुरी तरह संघर्ष करती नजर आई।

फिल्म की कमाई और दर्शकों की संख्या में दिन ढलने के साथ थोड़ा सुधार देखने को मिला। सुबह के शोज में जहां केवल 3-4 प्रतिशत (3.38 प्रतिशत) सीटें ही भरी थीं, वहीं रात के शोज आते-आते यह आंकड़ा बढ़कर करीब 18 प्रतिशत (18.08 प्रतिशत) तक पहुंच गया। दिल्ली-एनसीआर में फिल्म के सबसे ज्यादा शोज रखे गए थे, लेकिन वहां भी सिनेमाघारों में भीड़ काफी कम रही। हालांकि, इस फिल्म (बंदर) ने अनुराग कश्यप की पिछली फिल्म निशांची से बेहतर प्रदर्शन किया है, लेकिन महामारी (कोविड) से पहले आई उनकी सुपरहिट फिल्मों के मुकाबले यह काफी पीछे रह गई। इसके अलावा, इस हफ्ते बॉक्स ऑफिस पर रिलीज हुई दूसरी बड़ी फिल्म से भी इसे कड़ी टक्कर मिल रही है।

# मराठी मेरी पहचान है, लेकिन नई भाषाएं सीखना रोमांचित करता है : शरवरी वाघ

बॉलीवुड अभिनेत्री शरवरी वाघ इन दिनों अपनी आगामी फिल्म मैं वापस आऊंगा को लेकर चर्चाओं में हैं। इस फिल्म में उन्हें एक



ऐसी महिला का किरदार निभाने का मौका मिला, जो उनकी अपनी सांस्कृतिक पृष्ठभूमि से काफी अलग है, जिसके चलते उन्हें नई भाषा और संस्कृति को समझना पड़ा। शरवरी वाघ ने कहा, घर में मैं मराठी भाषा बोलती हूं और मेरी परवरिश पूरी तरह मराठी संस्कृति के बीच हुई है। ऐसे में एक पंजाबी महिला का किरदार निभाना मेरे लिए एक नया और दिलचस्प अनुभव था।

शरवरी ने कहा, भाषाएं हमेशा से मुझे आकर्षित करती रही हैं। मेरा मानना है कि भारत जैसे देश में कलाकारों के लिए सीखने और समझने के अवसर कभी खत्म नहीं होते। यहां इतनी सारी भाषाएं और संस्कृतियां हैं कि हर नया किरदार किसी नई दुनिया का दरवाजा खोल देता है। एक अभिनेता के लिए सिर्फ डायलॉग बोलना ही काफी नहीं होता, बल्कि उस भाषा की भावना, उसके लहजे और उससे जुड़ी संस्कृति को समझना भी जरूरी होता है।

अभिनेत्री ने कहा, भले ही मैं नई भाषाएं सीखने को लेकर उत्साहित रहती हूं, लेकिन मेरी मातृभाषा मराठी आज भी मेरे दिल के सबसे करीब है। जब भी मुझे किसी सीन के लिए भावनात्मक रूप से खुद को तैयार करना होता है या किसी खास एहसास से जुड़ना होता है, तो मैं अक्सर मराठी गाने सुनती हूं। मराठी भाषा के शब्द मेरे दिल को सबसे गहराई से छूते हैं।

शरवरी ने कहा, अपनी जड़ों से जुड़ा रहना और साथ ही नई चीजें सीखना, दोनों ही जरूरी हैं। महाराष्ट्र से होने का एक फायदा यह भी मिला कि मुझे दूसरी भाषाओं को समझने और अपनाने में आसानी हुई। भारत की कई भाषाएं एक-दूसरे से किसी न किसी रूप में जुड़ी हुई हैं। यही वजह है कि नई भाषा सीखने की प्रक्रिया मेरे लिए मुश्किल के बजाय आनंददायक रही। फिल्म मैं वापस आऊंगा भारत के विभाजन की पृष्ठभूमि में बुनी गई एक प्रेम कहानी है। फिल्म में शरवरी के अलावा दिलजीत दोसांझ और नसीरुद्दीन शाह जैसे दिग्गज कलाकार भी अहम भूमिकाओं में नजर आएंगे। इस फिल्म का निर्माण बिरला स्टूडियो, अप्लॉज एंटरटेनमेंट, मोहित चौधरी और शिबाशीष सरकार की विंडो सीट फिल्म्स ने मिलकर किया है। यह फिल्म 12 जून को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

# 19 जून को होगा एक और धमाका, आ रही पिता-बेटे के रिश्ते पर बनी समर्पितः फादर्स लव, जारी हुआ फर्स्ट लुक पोस्टर



पीकू से लेकर दंगल, मासूम तक, हिंदी सिनेमा में पिता और बच्चे के बीच के प्यार को दिखाती कम ही फिल्में बनी हैं, लेकिन जो भी बनी हैं बेहद कमाल की हैं। ये फिल्में दर्शकों को हंसाती भी हैं, रुलाती भी हैं और मोटिवेट भी करती हैं। दर्शकों से भी इन फिल्मों को जबरदस्त रिस्पॉन्स मिला है और आज भी इन्हें काफी पसंद किया जाता है। अब जल्दी ही पिता और बच्चे के प्यार पर बनी एक और फिल्म दर्शकों के बीच दस्तक देने जा रही है। खास बात तो ये है कि ये फिल्म फादर्स डे के मौके पर ही रिलीज होगी। यानी इस फादर्स डे पर आप पिता और बच्चे के प्यार को दिखाती एक नई फिल्म का लुत्फ उठा सकते हैं। ये फिल्म है समर्पितः फादर्स लव, जिसका फर्स्ट पोस्टर भी आउट हो चुका है और पोस्टर जारी होते ही ये फिल्म चर्चा में आ गई है।

इंडियन मोशन पिक्चर्स प्रोड्यूसर्स एसोसिएशन, अंधेरी में आयोजित एक भव्य समारोह के दौरान नायशा फिल्म्स के बैनर तले निर्मित आगामी हिंदी फिल्म समर्पितः फादर्स लव का पोस्टर लॉन्च हुआ। फिल्ममेकर साक्षी यादव द्वारा निर्मित और एक्सहान खान के निर्देशन में बनी यह फिल्म पिता और बेटे के के अटूट और गहरे संबंधों की एक ऐसी कहानी है, जो दिल को छू लेती है। फिलहाल इस फिल्म का पोस्टर ही जारी हुआ है और ये अभी से चर्चा में आ गई है। फिल्म का पोस्टर बेहद भावुक और दिल को छू लेने वाला है। पोस्टर में नजर आ रहे अंकित यादव के चेहरे पर एक पिता के संघर्ष की कहानी साफ-साफ देखी जा सकती है।

बॉलीवुड में अक्सर मां के त्याग को केंद्र में रखा जाता है और ऐसी कम ही फिल्में देखने को मिलती हैं, जो पिता के प्यार को परिभाषित करती हो। लेकिन, यह फिल्म उस मौन संघर्ष और सुरक्षा के घेरे को समर्पित है जिसे एक पिता बिना किसी दिखावे या शोर-शराबे के अपने परिवार के इर्द-गिर्द बुनता है। इस फिल्म में अंकित यादव लीड रोल में नजर आएंगे, जिन्होंने एक पिता की भूमिका निभाई है। अंकित यादव के साथ जया भट्टाचार्य, जावेद हैदर, प्रशिका शर्मा, देव व्यास और मीत वर्मा जैसे कलाकार भी इस फिल्म में नजर आएंगे।

ये फिल्म इसी फादर्स डे से पहले यानी 19 जून को सिनेमाघरों में रिलीज होगी, जिसके जरिए मेकर्स पिता के उस अनकहे संघर्ष को एक नई पहचान देगी जिसे अक्सर अनसुना कर दिया जाता है। अंकित यादव और निशा अली द्वारा लिखित इस कहानी को श्री सिंधु, अग्नि वरण, बिस्वजीत घोष और फराज अहमद ने म्यूजिक दिया है।

# कामकाजी दिन को खुशहाल बनाने के लिए अपनाएं ये 5 आदतें, जीवन होगा बेहतर



कामकाजी दिन में कई बार तनाव और थकान का सामना करना पड़ता है। ऐसे में खुद को खुश और ऊर्जावान बनाए रखना जरूरी है। इसके लिए कुछ सरल, लेकिन असरदार आदतें अपनाई जा सकती हैं। इन आदतों से न केवल आपका मूड अच्छा रहेगा, बल्कि आपकी काम करने की क्षमता भी बढ़ेगी। इस लेख में हम आपको कुछ ऐसी आदतों के बारे में बताएंगे, जिन्हें अपनाकर आप अपने कामकाजी दिन को खुशहाल बना सकते हैं।

सुबह की शुरुआत सही ढंग से करें

सुबह की सही शुरुआत दिन को खुशहाल बनाने में अहम भूमिका निभाती है। इसके लिए उठते ही सबसे पहले एक ग्लास पानी पिएं और थोड़े खिंचाव वाले व्यायाम करें। इससे आपका शरीर ताजगी महसूस करेगा और आपको ऊर्जा मिलेगी। इसके बाद हल्का नाश्ता करें, जिसमें फल या जई शामिल हों। इससे आपका पेट भी ठीक रहेगा और आप पूरे दिन ऊर्जावान महसूस करेंगे। इस तरह की शुरुआत से आपका मनोबल भी बढ़ेगा और आप दिनभर सकारात्मक रहेंगे।

काम के बीच आराम करें

लगातार काम करते रहने से थकान होती है और मनोबल भी कम होता जाता है। काम के बीच-बीच में छोटे-छोटे ब्रेक लेना जरूरी है। इन ब्रेक्स में थोड़ा टहलें, गहरी सांस लें या हल्का संगीत सुनें। इससे आपका मन ताजा रहेगा और आप फिर से ऊर्जा के साथ काम कर पाएंगे। आराम करने से आपकी काम करने की क्षमता भी बढ़ेगी और आप अधिक प्रभावी ढंग से काम कर सकेंगे। यह आदत आपके मानसिक स्वास्थ्य के लिए भी फायदेमंद है।

सकारात्मक सोच बनाए रखें: सकारात्मक सोच रखना किसी भी स्थिति में मददगार होता है। अपने विचारों को सकारात्मक बनाए रखने की कोशिश करें। अगर कोई समस्या आए तो उसे एक चुनौती के रूप में लें और उसका हल निकालने की सोचें। नकारात्मक विचारों को दूर रखें और खुद को प्रेरित करें। सकारात्मक नजरिया रखने से आपका आत्मविश्वास बढ़ेगा और आप मुश्किल हालातों का सामना आसानी से कर पाएंगे। यह आदत आपके मानसिक स्वास्थ्य के लिए भी फायदेमंद है।

संगीत का सहारा लें: संगीत सुनना एक अच्छा तरीका हो सकता है, जिससे आपका मूड बेहतर हो सकता है। अगर संभव हो तो अपने काम के दौरान हल्का संगीत सुनें या फिर लंच ब्रेक में अपनी पसंदीदा गाने सुनें। इससे आपका मनोबल बढ़ेगा और आप अधिक प्रेरित महसूस करेंगे। संगीत सुनने से तनाव कम होता है और मानसिक शांति मिलती है। यह आदत आपके दिन को खुशहाल बनाने में मदद करेगी और आपको ऊर्जावान बनाए रखेगी।

सेहतमंद भोजन करें: सेहतमंद भोजन लेना न केवल आपके शरीर, बल्कि आपके मनोबल के लिए भी फायदेमंद होता है। ज्यादा तले-भुने खाने से बचें और फल-सब्जियों को अपनी रोजाना की डाइट का हिस्सा बनाएं। इसके अलावा हाइड्रेटेड रहें और समय-समय पर छोटे-छोटे नाश्ते लेते रहें। इन सरल, लेकिन असरदार आदतों को अपनाकर आप अपने कामकाजी दिन को खुशहाल बना सकते हैं और जीवन में संतुलन बनाए रख सकते हैं। इन्हें अपनाने से आप हर वक्त चिड़चिड़े नहीं रहेंगे।